The House reassembled after lunch at six minutes past two of the clock,
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): Sir, I have a point of order. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is the point of order? ...(*Interruptions*)... Why do you want to create problem for me?

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, this is the second day in a row that the House is beginning at five minutes past two. Although we have been sitting here, waiting for the House to begin at two, the Minister of Parliamentary Affairs is also not here. The job of ensuring quorum is that of the Government. Sir, this cannot be allowed to continue like this. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There was no quorum. ...(*Interruptions*)... That is the reason. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, you have to insist that we begin at two. ...(*Interruptions*).. We have to begin at 2 o'clock. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It was lack of quorum. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Then, please do not adjourn till 2 o'clock. ...(*Interruptions*).. Please say, 'adjourned till you have the quorum'. ...(*Interruptions*)... Please say that.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Jairam Ramesh, it was delayed by five minutes because of lack of quorum. But, your point is well taken. I would request the Members to ensure that they are present at 2 p.m. itself so that the House commences on time. ...(*Interruptions*)... No, there are other Ministers. ...(*Interruptions*)... I need not insist for a particular Minister. I want Ministers. That's all. ...(*Interruptions*)...

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI ASHOK GAJAPATHI RAJU PUSAPATI): Sir, Ministers are always present. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. ...(*Interruptions*)... Now, Shri Ramkumar Verma. Kindly adhere to time. Ramkumar Vermaji, your time is ten minutes. You can start and speak for ten minutes.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS — *Contd.**

श्री रामकुमार वर्मा (राजस्थान): ऑनरेबल डिप्टी-चेयरमैन सर, मैं सब से पहले आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने के लिए समय दिया।

---

* Further discussion on the Motion moved by Shri Ravi Shankar Prasad on the 2nd February, 2017 and the amendments moved thereto, continued.

[श्री रामकुमार वर्मा]

सर, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि मैं पहली बार बोल रहा हूं। इसलिए मैं अनुरोध करूंगा कि मेरी स्पीच को maiden speech माना जाए। सर, माननीय राष्ट्रपति जी के संयुक्त सत्र में दिए गए अभिभाषण को एक ऐतिहासिक संयुक्त सत्र के रूप में माना गया। यह ऐतिहासिक इस रूप में माना गया कि पहले आम बजट जो फरवरी के अंत में होता था, उसे उससे पूर्व 1 फरवरी को प्रस्तुत किया गया और साथ में रेल बजट प्रस्तुत किया गया। भारत सरकार और उसके नेतृत्व के निर्णय से निश्चित ही राष्ट्रपति जी का अभिभाषण एक तरह से प्रशंसनीय अभिभाषण रहा। उससे मंत्रालयों को बजट राशि का समय पर आवंटन होगा, दूसरे रेल बजट जो पहले अलग से होता था, उसका आम बजट में विलय होने से निश्चित है कि उससे बहुत सारा समय बच गया। महोदय, मैं समझता हूं कि इससे भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों द्वारा जो जन-कल्याणकारी योजनाएं लागू की जाती हैं, उनको समय पर राशि का आवंटन मिलेगा और उसमें एक गति आएगी और उनमें कोई रुकावट नहीं होगी।

माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जनशक्ति को नमन किया गया है। महोदय, इस सदन में मेरा यह पहला अवसर है। पूर्व के राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में या इस तरह के किसी भी अवसर पर नमन किया गया या नहीं किया गया मुझे नहीं मालूम, लेकिन इस अभिभाषण में नमन किया है। भारत की जनता की वह शक्ति है, जिसके अंदर इतनी ताकत है और इतनी समझदारी और परिपक्वता है कि उसको नमन करना अतिशयोक्ति नहीं है। माननीय राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में इस जनशक्ति को नमन करने का काम किया है। यह नमन किसी एक पंक्ति के द्वारा नहीं किया है। मैं इसके लिए यह कहना चाहूंगा कि भारत की जनता साक्षरता में कम हो सकती है। यह जनता गरीब है, मजदूर है, किसान है, दलित और शोषित है। इसके साथ ही साथ इसमें एक महिला वर्ग भी इतना है कि वह साक्षरता में पुरुषों की तुलना में कम है, लेकिन इस भोली-भाली जनता के अंदर इतनी समझ है, इतनी परिपक्वता है कि उसकी ताकत से देश का नेतृत्व करने वाला कोई व्यक्ति यदि देश हित में और जनता के हित में कार्य करता है, तो इस देश की जनता उसको अपना समर्थन और शक्ति देती है, जिसको नमन करना हमारा परम कर्तव्य बनता है।

मैं इसके लिए दो उदाहरण देना चाहूंगा। मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा, क्योंकि समय की सीमा है। महात्मा गांधी जी देश के राष्ट्रपिता कहलाए, Father of the Nation. जब महात्मा गांधी जी ने स्वतंत्रता आंदोलन चलाया, तो उस समय देश के अंदर ब्रिटिश हुकूमत थी, जिसने 200 वर्षों तक शासन किया और उससे पहले भी देश गुलाम हुआ था। उस समय अंग्रेज़ी शासन की जड़ें बहुत मजबूत थीं और उन्होंने सोचा था कि इस देश से ये जड़ें नहीं निकलेंगी। यह देश हमारे अधीन रहेगा और हम इस देश पर राज करते रहेंगे, लेकिन महात्मा गांधी जी ने देश की स्वतंत्रता के आंदोलन का नेतृत्व किया। इस कार्य में देश की जनता ने उनका साथ दिया। मैं नहीं कहता कि महात्मा गांधी इस कार्य में केवल अकेले व्यक्ति थे, लेकिन उन्होंने देश की जनता के भाव, उसके विचार और संस्कृति को देश की धरोहर समझा। उन्होंने यह भी समझा कि इस देश की जनता के दिल और दिमाग में राष्ट्रीयता की एकता है और राष्ट्र के लिए समर्पित है, महात्मा गांधी जी ने इसको पहचाना। इसमें उद्धरण भी दिया है, चम्पारण के सत्याग्रह का शताब्दी वर्ष। चम्पारण के सत्याग्रह का वह समय निश्चित ही नहीं भूला जाएगा। गांधी जी ने इस बात को महसूस किया कि मेरे देश की जनता गरीब है। उसके पास पहनने के लिए कपड़े नहीं और खाने के लिए रोटी

नहीं है। इस ब्रिटिश हुकूमत में रहते हुए निश्चित है कि देश के करोड़ों गरीब लोग जो शोषित हैं, इनको आजादी की जरूरत है। वे जनता के साथ में मिलकर चले और पूरे देश में उन्होंने भ्रमण किया। देश की जनता को उनके नेतृत्व में विश्वास जगा और सबने मिलकर इस देश को आजादी दिलाई। यह जनशक्ति का एक परिचय था। यदि मैं इसी रूप में कहूं कि Father of the Nation, तो वे न केवल भारत में बल्कि विश्व में एक अद्भुत व्यक्तित्व के रूप में उभरे। उन्होंने अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश से ऐसी हुकूमत को दूर किया।

मैं इस अवसर पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का नाम लेना चाहूंगा कि उनको भी इस जनशक्ति ने समझा और अम्बेडकर जी ने इस जनता के दर्द को समझा। उन्होंने विभिन्न परिस्थिति में जिस प्रकार से अध्ययन किया और यहां की परिस्थितियों को समझा कि भारत में विभिन्नता है, बहुत सारी विषमताएं हैं और गरीबों के साथ क्या होता है। जब उन्होंने करोड़ों लोगों की पीड़ा को समझा, तो उसी का रिजल्ट निकला कि इस देश की जनशक्ति के जो करोड़ों लोग गरीब थे, जो दलित थे, उनके साथ मिलकर उन्होंने एक प्रण और संकल्प लिया। इसी कारण उन्होंने भारत को एक अनूठा संविधान दिया। आज डॉ. अम्बेडकर जी को भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में भारत के संविधान निर्माता के रूप में देखा जाता है।

सर, मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि आज माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में जो जनशक्ति के नमन की बात है, यह नमन भारत सरकार और भारत सरकार के नेतृत्व के द्वारा किया गया है। उसका कारण यह है कि भारत सरकार के नेतृत्व में जिस दिन उन्होंने इस देश की बागडोर संभाली, तब उन्होंने यह प्रण किया था कि मैं भारत के एक प्रधान सेवक के रूप में कार्य करूंगा, न कि एक प्रधान मंत्री के रूप में। दिल और दिमाग में पीड़ा थी, दर्द था कि इस देश की जनता में वह ताकत है, जिसने मुझे यहां पर भेजा है। उनके ये महापुरुष उदाहरण भी थे — वे महात्मा गांधी जी का उदाहरण दें, डॉ. अम्बेडकरजी का दें, औरों का दें। उन्हें यह भी मालूम था कि अगर व्यक्ति कोई कार्य करता है तो इस देश की अनेकता में एकता का एक बहुत प्रखर भाव इस देश के लोगों के अंदर है। भारत सरकार के नेतृत्व में आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने देश को नमन करते हुए, इस संसद को नमन करते हुए, निर्धन को, गरीब को, किसान को, मजदूर को और वंचितों को नमन करते हुए कहा था कि मैं आपका सेवक हूं और उस तरह के कार्य करूंगा जिससे कि देश के करोड़ों-करोड़ दलित वर्ग के लोग, जिनके मैंने वर्षों से बहुत-से नारे, स्लोगन्स सुने हैं, लेकिन उनके कार्य नहीं हुए हैं, मैं उनके कार्य पूरे करूंगा।

आदरणीय उपसभापति जी, मैं इस संबंध में कहना चाहूंगा कि "जन-धन योजना", एक ऐसी योजना है, जिससे इस देश के आम आदमी को, गरीब आदमी को जोड़ा गया। जोड़ने का यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि भारत के banking system से जो किसान हैं, मजदूर हैं, जो कम पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं, वे सब इससे जुड़ें। भारत की सत्तर साल की आजादी में, या यूँ कहें कि banking nationalization से लेकर बाद में, अभी भी, पिछले वर्षों में, भारतीय रिज़र्व बैंक के द्वारा बार-बार यह प्रयास किया गया कि लोग देश के अंदर banking system को जानें, पहचानें। उन्होंने इस तरह की पहल की है और इसके लिए वे जनता के द्वार भी गए। इसके और भी प्रोग्राम किए गए।

इसमें फायनेंशियल लिटरेसी और इंक्लूज़न की बात कही गई, लेकिन यह इतना सफल नहीं हुआ। भारत की सरकार के नेतृत्व में इसका आह्वान किया गया। लोग वर्षों से banking system

[श्री रामकुमार वर्मा]
से नहीं जुड़ रहे थे, लेकिन "जन-धन योजना" से यह संपन्न हुआ। इस योजना के आह्वान के साथ यह कार्य किया गया। यह एक गर्व की बात है कि 26 करोड़ से अधिक लोगों ने खाते खुलवाए। इतना ही नहीं 13 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा की जो कल्याणकारी योजनाएँ थीं, उनसे जोड़ा गया और 47,000 करोड़ रुपये का अमाउंट खातों के अंदर आया। यह एक छोटी-सी बात नहीं थी। जब "जन-धन योजना" की बात आई, तो यह एक कल्पना के रूप में है, लोगों ने इस तरह का rumour भी फैलाया था।

डिप्टी चेयरमैन सर, इस देश में जो गरीब है, उसके लिए यह है ...(**समय की घंटी**)... जन-धन के अकाउंट खोले जाएंगे। सर, क्या आपने मुझे दस मिनट दिए हैं?

एक माननीय सदस्यः इनकी मेडन स्पीच है।

श्री उपसभापतिः मेडन स्पीच है?

श्री रामकुमार वर्माः अच्छा, दस मिनट हो गए हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Take two more minutes.

SHRI RAMKUMAR VERMA: Sir, it is my maiden speech.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not your maiden speech.

श्री रामकुमार वर्माः मैं कहना चाहूंगा कि जो योजनाएँ बनीं, जो कल्याणकारी योजनाएँ ..(**व्यवधान**)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Vermaji, you made your maiden speech on 2.8.16.

श्री रामकुमार वर्माः सर, 2.8.16 को तो मैंने हल्का सा, पांच एक मिनट का बोला था। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः मैं क्या करूँ? What can I do? So, you take two more minutes. Okay.

श्री रामकुमार वर्माः फाइव मिनट्स और दीजिए। उपसभापति जी, मैं यह निवेदन करना चाह रहा था कि आज "जन-धन योजना" और "उज्ज्वला योजना" के द्वारा जो इस तरह का कार्यक्रम हुआ है, उसने यह सिद्ध किया है कि भारत की जनता में दान करने की कितनी क्षमता है और देश को सुधारने की कितनी प्रवृत्ति है। भारत की जनता ने यह कार्य किया है। सब्सिडी के बारे में मैं समझता हूं कि गरीब, सपने में भी यह नहीं सोचता था कि उसको मिलेगी। सर, मैं भी इसका भुक्तभोगी हूं। 1985 में जब मेरे घर पर चूल्हा जलता था, तो मैं सोचता था कि मुझे गैस कैसे मिलेगी? उस समय यह देखा जाता था कि यदि 20 हजार रुपये होंगे, तो गैस मिलेगी। मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी होती है और मैं इसके लिए माननीय राष्ट्रपति महोदय का धन्यवाद करना चाहता हूं कि देश में 0.2 करोड़ लोगों ने सब्सिडी छोड़ी और 1.5 करोड़ ऐसे लोग, जो सपने में भी नहीं सोचते थे कि हमारे लिए कभी धुआँरहित गैस का चूल्हा होगा, उनको सुविधा मिली। इस तरह "स्वच्छ भारत अभियान" की बुनियाद के लिए लोगों ने जन आंदोलन किया। उन्होंने स्वच्छता की बात करके सोचा था कि कहां स्वच्छ भारत करने चले? लेकिन यह देखकर अच्छा लगता है

कि आज 1,40,000 गांवों में, 4.5 से ज्यादा शहरों में, 77 ज़िलों में और 7 राज्यों ने अपने क्षेत्र को खुले में शौच से मुक्त कर दिया है। यह घोषित भी किया गया है। आदरणीय उपसभापति जी, इसी के साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि 8 नवंबर, 2016 को जिस तरह से डिमॉनिटाइजेशन किया गया, यह डिमॉनिटाइजेशन भारत के उन करोड़ों-करोड़ गरीबों के लिए था, उन शोषित वर्ग के लिए था, किसानों के लिए था, मजदूर वर्ग के लिए था। दो नंबर का काला धंधा करने वालों ने देश में इस तरह का माहौल पैदा कर दिया था कि भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच चुका था और गरीब व्यक्ति, जो मेहनतकश व्यक्ति था, उसको न्याय नहीं मिल रहा था। वे उसकी मेहनत की कमाई को, दो नंबर का काला धन करते थे। उससे निश्चित ही यह हुआ कि काले धन पर रोक लगी, भ्रष्टाचार पर रोक लगी, जाली नोटों पर रोक लगी। आतंकवाद को और हवाला मार्किट को ...(**समय की घंटी**)... बहुत बड़ी बुराई का अंत हुआ। ..(**व्यवधान**)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

श्री रामकुमार वर्माः इस तरह से भारत सरकार के द्वारा, उनके नेतृत्व में ये अभूतपूर्व निर्णय हुए। डिप्टी चेयरमैन सर, मैं कहता हूं कि हम दलित समाज की बातें बहुत करते हैं, लिखित पीड़ा भी करते हैं, लेकिन दलित समाज के लिए बाबा साहेब अम्बेडकरजी ने कहा था रिज़र्वेशन हो ताकि यह वर्ग आर्थिक क्षेत्र में मजबूत हो। इसके लिए रिज़र्वेशन की पहल अवश्य की गई, लेकिन 70 साल तक भी implementation नहीं हुआ। आज भारत सरकार के नेतृत्व में यह किया गया। जब व्यक्ति का आर्थिक विकास होगा, तभी उसका शैक्षणिक विकास होगा। उसके आर्थिक विकास के लिए ही इस तरह की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाएँ बनीं। मैं कहता हूं कि 84 योजनाओं में से 50 परसेंट से ज्यादा योजनाएँ, चाहे वह Stand-up योजना हो, मुद्रा बैंकिंग योजना हो, Start-up योजना हो, लाभकारी योजनाएँ हैं। जो "दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना" है, यह प्रधान मंत्री जी की किसानों के लिए योजना है। आज उनको इस योजना से काफी राहत और आशा मिली है कि इस देश के अंदर ऐसा नेतृत्व आया है जो गरीबों का मसीहा होगा। ...(**समय की घंटी**)... गरीबों की सुनेगा। मैं आपको इस पर धन्यवाद देते हुए माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद व्यक्त करता हूं। जय भारत।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I know that Shrimati Viplove Thakur is to speak next. She is a very generous hon. Member. Shri Prem Chand Gupta had requested that since he has to go early on an urgent matter, I am allowing him with your permission.

SHRIMATI VIPLOVE THAKUR (Himachal Pradesh): Okay, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: She is very generous.

श्री प्रेम चन्द गुप्ता (झारखंड)ः ये बड़ी बहिन हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का आपने मुझे मौका दिया है और वह भी आउट ऑफ टर्न दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। उपसभापति जी, राष्ट्रपति जी हमारे माननीय हैं, हमारे देश के संविधान के सर्वमान्य संरक्षक हैं, हम उनका बड़ा सम्मान करते हैं, लेकिन उनके द्वारा दिए गए अभिभाषण में सरकार की जिन नीतियों को हाइलाइट किया गया है, हम उससे सहमत नहीं हैं।

[श्री प्रेम चन्द गुप्ता]

श्रीमान् जी, देश का जो किसान है, जो देश का अन्नदाता है, जो अपनी मेहनत और पसीने से, मेहनत करके, देश के सवा सौ करोड़ लोगों का पेट भरता है, देश के लोगों के लिए अनाज पैदा करता है, आज उसकी बड़ी दुर्दशा है, उसकी हालत बहुत खराब है, चिंताजनक है।

श्रीमान् जी, उसको खाद नहीं मिलती, बीज नहीं मिलता और नोटबंदी ने तो उसकी और भी बरबादी कर दी। आज ये हालात हैं, आप सभी लोगों ने कल भी टी.वी. पर देखा होगा कि टोमेटो सड़ रहा है, पर कोई खरीदार नहीं है। किसान को उसके प्रॉड्यूस का जो पैसा मिलना चाहिए, वह नहीं मिल रहा। आप लोगों ने जो वायदा किया था कि किसान की जो लागत होगी, उस लागत पर हम किसान को कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफ़ा देंगे, उसका क्या हुआ? सर, हालात ये हैं कि कोल्ड स्टोरेज वालों ने पोटेटो अर्थात् आलू की फसल को बाहर निकालकर फेंक दिया, क्योंकि किसान उनके चार्जज़ पे नहीं कर पाए। आज माननीय राम गोपाल जी नहीं हैं, इलेक्शन में बिजी हैं, हम लोग भी शाम को वहीं जा रहे हैं। श्रीमान् जी, इस एरिया में हजारों टन पोटेटो, आलू सड़ रहा है, क्योंकि 50 पैसे किलो भी यह पोटेटो खरीदने को कोई तैयार नहीं है। मैं साउथ में गया था। ...(**व्यवधान**)... हम यह कोई पोलिटिक्स की बात नहीं कर रहे हैं, जो आप हंस रहे हैं। ग्राउंड, धरातल पर जो समस्या है, उसको आप सुनिए। मैं कोई पार्टी-पोलिटिक्स की बात नहीं कर रहा हूँ। यह समस्या आपकी भी है, हमारी भी है। आप यह बताइए कि अगर किसान को उसकी मजदूरी, उसका पैसा, उसकी मेहनत का पैसा नहीं मिलेगा, तो क्या होगा? हमारे देश में हर साल दो करोड़ नौजवान तैयार हो रहे हैं, उनमें किसानों के बच्चे भी होते हैं। देश में जो यह नक्सलिज्म और रीजनल डिस्टर्बेंसेज़ होती हैं, यह उन नौजवानों को गुमराह करके उनके थ्रू ही करवाई जाती हैं, जैसे अभी पंजाब में हुआ। वहां काम न होने की वजह से वहां के नौजवानों में नशे की लत डाल दी गई। झारखंड में, छत्तीसगढ़ में नौजवानों को नक्सलाइट बना दिया गया, गलत रास्ते पर डाल दिया गया। यह एक रूट-कॉज़ है। इसमें हंसने की बात नहीं है। देश के सामने यह एक समस्या है। ठीक है, आप बाद में अपना भाषण करिए, आपको भी समय मिलेगा, लेकिन जो एक समस्या है, उसको समझने की आवश्यकता है कि आज किसान जो सुइसाइड कर रहा है, वह क्यों कर रहा है? आपके जो बीजेपी शासित प्रदेश हैं, सबसे ज्यादा तो सुइसाइड उनमें हो रही हैं। महाराष्ट्र में हो रही हैं, छत्तीसगढ़ में हो रही हैं। ये क्यों हो रही हैं, किस लिए हो रही हैं? इस पर सोचने की जरूरत है, न कि इसके ऊपर हंसने की आवश्यकता है।

श्रीमान् जी, जब 2014 में आपकी सरकार बनी, तो सरकार बनने से पहले आपने देश के नौजवानों से, देश के लोगों से वायदा किया था कि हम साठ रोज के अंदर पांच करोड़ रोजगार देंगे और हर साल हम दो करोड़ नौजवानों को रोजगार देंगे। मैं सरकार से जानना चाहता हूँ कि क्या आपने अपने इस वायदे को पूरा किया? ठीक है, अगर आपने अपना वायदा पूरा नहीं किया, जो जगजाहिर सत्य भी है, लेकिन आपने इस बारे में क्या स्टेप उठाया? अगर आप कोई रोजगार नहीं दे सके, तो ठीक है कि नहीं दे सके, यह बात समझने की है, लेकिन क्या इस बारे में आपने कोई स्टेप उठाया? आप स्टेप उठाने की बजाय हर दो-तीन महीने में केवल एक नया शगूफा छोड़ देते हैं, कोई न कोई एक नई स्कीम बनाकर छोड़ देते हैं और मेन इश्यू को डायवर्ट करते हैं। श्रीमान् जी, हर साल हमारे देश में दो करोड़ नौजवान नौकरी की तलाश में अपने घर से निकलते हैं। मां-बाप अपनी जमीन-जायदाद बेचकर बच्चों को पढ़ाते हैं और सोचते

हैं कि हमारे बेटे या बेटी को बड़े होकर रोजगार मिलेगा? क्या इस बारे में सरकार ने कोई कदम उठाया है? मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई कदम आपने उठाया है, जिससे लगे कि आपने इस बारे में ध्यान दिया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जैसा मैंने पहले कहा, रोजगार न मिलने से समाज में जो एंटी-सोशल एलिमेंट होता है, वह नौजवान को गुमराह करता है, जैसे मैंने आपके सामने दो प्रदेशों का एग्ज़ाम्पल दिया। देश की आज यह एक बर्निंग प्रॉब्लम है। इस बारे में बहुत ध्यान देने की आवश्यकता है, वरना स्थिति कंट्रोल के बाहर चली जाएगी।

श्रीमान् जी, माननीय प्रधान मत्री जी ने "मेक इन इंडिया" का नारा दिया। हम सब लोग सहमत हैं और हमें खुशी होगी कि देश में सामान बने। हमारे देश में जो आज सामान यूज़ हो रहा है, जो इम्पोर्ट हो रहा है, उससे हमारा देश एक डम्पिंग ग्राउंड बन गया है। श्रीमान् जी, आप यह समझिए कि A to Z, दुनिया भर का जो rejected माल है, वह चीन और दूसरे देशों से हम लोग import करते हैं। हमारी जो small and medium industries हैं, आज वे बिल्कुल खत्म हो चुकी हैं। उसका क्या कारण है? आज आप रोजगार की बात करते हैं। हमारी जो small and medium industries हैं, वे क्यों बंद हुई हैं? ये वे लोग हैं, जिन लोगों ने आप लोगों को बनाया, आपको वोट दिया। आपने तो उनके साथ विश्वासघात किया है, आपने उनको चोर बना दिया, उनके ऊपर इंस्पेक्टर राज थोप दिया। क्या हमारा देश एक dumping ground होकर रह जाएगा या आप इसके बारे में कोई सोच-विचार कर रहे हैं? आज आपके तीन साल हो गए, अब जाने का समय आ गया और आप रोज के रोज कोई न कोई नई स्कीम पब्लिक में लाकर दिमाग को divert करने का काम करते हैं। लेकिन जो चीज आपके सामने है, जो स्थिति, जो समस्या आपके सामने है, आज के रोज जो burning problem है, आप उसके ऊपर ध्यान क्यों नहीं देते हैं?

श्रीमान् जी, मैं 'ease of doing business' के बारे में बताना चाहूँगा। जब आप सत्ता में आए थे, उस वक्त 'ease of doing business' में हमारे देश की ranking क्या थी और वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट है कि हिन्दुस्तान 'ease of doing business' में 142वें स्थान पर चला गया है। आप 'Make in India' बोलते हैं। अगर आपके देश में काम करने का, production करने का, फैक्टरी लगाने का कोई माहौल ही नहीं होगा, तो कहां से आपके यहां investment आएगा और production होगा? मैंने माननीय प्रधान मंत्री जी को कई बार सुना है, मैंने माननीय वित्त मंत्री महोदय को कई बार सुना है, वे 'ease of doing business' की बात करते हैं। निर्मला सीतारमण जी, जो इसकी concerned Minister हैं, मैंने उनको भी सुना है। लेकिन केवल बोलने से 'ease of doing business' नहीं होता है। आपको धरातल के ऊपर माहौल create करना पड़ेगा। आज आपने पूरा इंस्पेक्टर राज कर दिया है। हर चीज इंस्पेक्टर्स के हाथ में है। क्या इसी तरह से कोई इंडस्ट्री लगती है? क्या इसी तरह से job creation होता है? क्या आज सरकार कोई job दे सकती है? सरकार की अपनी limitations हैं।

श्रीमान् जी, आज आप देखते हैं कि सरकार के हर महकमे में vacancy है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, दुनिया में जिसका नाम है, आज वहां पर professors की vacancies हैं। Students हैं, students धक्के खाते हैं, उनको admission नहीं मिलता है और आप वहाँ vacancy नहीं भर रहे हैं। यह जो विरोधाभास चल रहा है, इसके ऊपर आप लोग क्या कर रहे हैं? ...(**समय की घंटी**)... इन सबके ऊपर आपने नोटबंदी का जो एक महान step उठाया, श्रीमान् जी, यह एक बहुत बड़ा ill-advised step था। यह step एक ऐसा step था, जिससे आप लोगों ने एक चलती हुई गाड़ी के

[श्री प्रेम चन्द गुप्ता]

टायर को puncture करने का काम किया। दुनिया के बड़े-बड़े Nobel Laureates ने कहा कि इससे बड़ा घातक कोई step नहीं हो सकता। ...(**समय की घंटी**)... श्रीमान् जी, Miscellaneous Group में 19 मिनट बाकी हैं, अभी तो मेरे 9 मिनट हुए हैं, तो kindly allow me some more time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: One more speaker is there.

SHRI PREM CHAND GUPTA: He is not here, Sir. Please be kind to me.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Then, only one more minute.

श्री प्रेम चन्द गुप्ताः श्रीमान् जी, मैं यह कह रहा था कि यह एक ill-advised step था। देश का हर नागरिक और सारी पार्टियां, हम भी चाहते हैं कि black money के ऊपर control हो, black money को control किया जाए, विदेशों से जो नकली currency आ रही है, उसके ऊपर control किया जाए। हम भी चाहते हैं, कौन नहीं चाहता? देश का कौन सा नागरिक ऐसा है, जो यह नहीं चाहेगा? लेकिन श्रीमान् जी, इस काम के लिए आपने जो ill-advised step लिया, ill-planned step लिया, इससे देश का कितना बड़ा नुकसान हुआ है! श्रीमान् जी, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि विदेशी tourists, जो 6-6 महीने पहले अपनी booking करते हैं, वे आए और उनको daily सिर्फ 600 रुपए change करना allow किया गया। उनको लाइनों में लगना पड़ा। क्या वे लाइनों में लगने के लिए इतना पैसा खर्च करके आए थे?

मान्यवर, स्पेन एक छोटा सा मुल्क है, जिसकी major income और major employment टूरिज्म के ऊपर ही डिपेंड करती है। वहां टूरिज्म उनकी income का सबसे बड़ा स्रोत है। आज हमारे देश में क्या नहीं है? हम अपने देश में टूरिज्म को बढ़ा सकते हैं, लेकिन हो यह रहा है कि टूरिस्ट अपने आप भारत आते हैं, उसमें आज तक किसी भी सरकार का कोई हाथ नहीं रहा है। माफ करना, हमारी सरकार भी रही है और मैं सरकार का हिस्सा भी रहा हूं, लेकिन इस संबंध में किसी ने कुछ नहीं किया। हमारे देश में जो टूरिस्ट आते हैं, वे हमारे monuments, हमारी सभ्यता और संस्कृति को देखने के लिए आते हैं। इसमें किसी भी सरकार का कोई contribution नहीं है। नॉर्मल कोर्स में जो टूरिस्ट यहां पर आ रहे थे, नोटबंदी करके आपने उनके पांव में भी लगाम लगा दी, जिससे उनका पूरा सीज़न ही फेल हो गया। उनको अपने परिवार के साथ, अपने मित्रों के साथ या पत्नी के साथ छुट्टियां बिताने के लिए यहां आना था, लेकिन आप लोगों ने उनके ट्रिप को खराब करने का काम किया। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

श्री प्रेम चन्द गुप्ताः श्रीमान्, मैं regional imbalance की बात कहना चाहता हूं। सत्ता में आने से पहले आपने कहा था कि जो पिछड़े हुए राज्य हैं, हम उनको बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठाएंगे। बिहार और झारखंड देश के पिछड़े हुए राज्यों में आते हैं, लेकिन केवल झूठे वायदे करने के अलावा आप लोगों ने इन राज्यों के लिए कुछ नहीं किया। आप देखिए, झारखंड से पूरे देश को, minerals जाते हैं, बिहार से पूरे देश को manpower मिलती है। पूरी दुनिया में बिहार के लोगों ने जाकर अपना नाम कमाया है। क्या regional imbalance खत्म करने के लिए

आपने कोई स्टेप उठाया है? मुझे नहीं लगता कि आपने regional imbalance को खत्म करने के लिए आज तक कोई भी स्टेप उठाया हो।

श्रीमान्, आपने hi-tech cities की बात की और कहा कि हम 100 शहर ऐसे बनाएंगे, जो hi-tech होंगे। मैं इस पर आपसे यह कहना चाहता हूं कि आपके पास अभी जो so called millennium cities हैं, जहां IT का इतना बड़ा कारोबार होता, लाखों नौजवान लड़के-लड़कियों को वहां रोज़गार मिला हुआ है, लेकिन आपने आज तक वहां के लिए भी कुछ नहीं किया। आप गुड़गांव चले जाइए, अगर किसी रोज़ बरसात हो जाए, तो सड़क के ऊपर चार-चार फीट पानी भर जाता है और आप 100 hi-tech smart cities बनाने की बात करते हैं। Smart cities तो आप बाद में बनाइएगा, आपके पास अभी जो cities हैं, कम से कम पहले उनको तो बचा लीजिए। ...(**समय की घंटी**)...

श्री उपसभापतिः ठीक है, अब बस कीजिए।

श्री प्रेम चन्द गुप्ताः श्रीमान्, मैं सिर्फ दो मिनट और लूंगा।

आपने रेलवे की बात की है। 2004-2009 के बीच में रेलवे का असली रूप दुनिया के सामने आया कि किसी प्रकार हमारे देश की रेलवे पैसा कमा सकती है, modernization कर सकती है, expansion कर सकती है। उस रेलवे की आज आपके समय में यह स्थिति है कि उसके पास तनख्वाह देने तक के लिए पैसे नहीं हैं, इसके लिए आप market से पैसे borrow करना चाहते हैं। आप bullet train और tube train की बातें करते हैं, जो 1100 से 1200 किलोमीटर की स्पीड से चलेंगी, लेकिन हमारी जो unmanned crossings हैं, जिनके कारण हर रोज़ दस-बीस लोगों की जानें चली जाती हैं और लाखों रुपयों का नुकसान हो जाता है, उनके लिए आप कुछ नहीं कर पाए। रेलवे में सेफ्टी की समस्या है, सर्विसिंग की समस्या है, इसके बारे में आप कुछ नहीं कर रहे हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है और मैं चाहता हूं कि इस तरफ आप ध्यान दें।

श्रीमान् जी, मैं एक बात और कहना चाहूंगा। आरक्षण के ऊपर आपके आरएसएस के नेतागण और बीजेपी के लीडर्स बार-बार अटैक करते रहे हैं। आप एक बात बिल्कुल क्लीयरली समझ लीजिए कि आरक्षण के ऊपर किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो सकता है। हम जानते हैं कि आप लोगों को आरक्षण से समस्या है। श्रीमान्, समाज के जो पिछड़े तबके के लोग हैं, उनको भी तो इस देश में जीने का अधिकार है, particularly जो blue blood या ऊंचे तबके के लोग हैं, यह देश खाली उन्हीं लोगों का नहीं है। जो दलित हैं, पिछड़े हैं, मुस्लिम हैं, उन लोगों ने भी देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानियां दी हैं।

श्रीमान् जी, पहले जब बिहार का चुनाव हुआ था, * ने वहां पर बयान दिया कि हम आरक्षण नहीं दे सकते, आरक्षण को निकालना होगा। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Okay, now conclude... (*Interruptions*)...

श्री ला. गणेशन (मध्य प्रदेश)**:** उपसभापति महोदय, यह अनावश्यक है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री प्रेम चन्द गुप्ताः श्रीमान् जी, यह तो रिकॉर्ड है। मैं तो ...(**व्यवधान**)... Sir, it is a matter of record. If you want, I can submit a copy of the newspaper.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

श्री प्रेम चन्द गुप्ताः श्रीमान् जी, अभी जयपुर में आपके दूसरे नेताओं ने बोल दिया। आप क्या बोल रहे हैं? यह नहीं हो सकता। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः अब आप कन्क्लूड कीजिए। All right. Now, that is okay; please conclude.

श्री प्रेम चन्द गुप्ताः श्रीमान् जी, मैं इसी के साथ सरकार की नीतियों से अपनी असहमति जाहिर करते हुए, आपका धन्यवाद करता हूं।

श्रीमती विप्लव ठाकुरः माननीय उपसभापति जी, मुझे बोलने के लिए समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं महामहिम द्वारा दिए गए अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव पर बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। ...(**व्यवधान**)...

SHRI LA. GANESAN: Sir, unnecessarily he is mentioning the name of *. It is irrelevant. Why did he mention the name of *? ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Did you mention any name, Mr. Gupta?

SHRI PREM CHAND GUPTA: Yes, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, then that is expunged.

SHRI LA. GANESAN: Thank you, Sir. ...(*Interruptions*)...

SHRI B. K. HARIPRASAD (Karnataka): Sir, is it unparliamentary?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; he can't come and defend himself. You can't mention the name and make an allegation against a person who can't come here and defend himself. He made an allegation, or something like that. The name is expunged. ...(*Interruptions*)..

SHRI B. K. HARIPRASAD: He has not made any allegation, Sir.

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): There are so many people who can defend him, Sir! ...(*Interruptions*)...

SHRI B. K. HARIPRASAD: He has not made any allegation, Sir. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI VIPLOVE THAKUR: It is a fact. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In any case, Guptaji, you have attributed a quotation to a person who is not present here. ...(*Interruptions*)... It is objected to as an allegation, or as untrue. I expunge it. ...(*Interruptions*)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

You see, there is an objection. An hon. Member says that the allegation is wrong. ...(*Interruptions*)... Mr. Ganesan, do you accept that it is not an allegation? ...(*Interruptions*)... Let him say that. Do you accept that it is not an allegation?

SHRI LA. GANESAN: No, Sir. He has mentioned the name of * and quoted his speech also which is not at all correct. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is the point. ...(*Interruptions*)... Okay, Guptaji, let us not dispute over it. Anyhow, you said something against a person who can't come and defend here; he can't explain it here. So, it is expunged. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: So many statements are attributed to Jawaharlal Nehru, to Indira Gandhi and to all departed leaders. They can't come and defend themselves!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't stretch it like that. If you make a quotation about late Smt. Indira Gandhi or Pandit Jawaharlal Nehru, if anybody objects to that saying that such a statement is not correct, then I will take a decision on that. I have to. ...(*Interruptions*)... Let us not argue over it. Since the quotation of Guptaji has been objected to, I have to take cognizance of that. When one Member has said that that statement is wrong and that there is no such quotation, then I have to take cognizance of that. That is what I have done. That is all I have done. ...(*Interruptions*)... Okay, all right. Are you authenticating that he made a statement like this? ... (*Interruptions*)... Are you saying that he made such a statement and you are authenticating that? ... (*Interruptions*)... Then don't say this. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Sir, listen to me. ...(*Interruptions*)... Sir, what I am saying is that Shri Prem Chand Gupta has said that he has not made any allegation. Whatever statement was made it has been refuted. ...(*Interruptions*)... What I am saying is both should stay on record. He has said something and he has already refuted it. ...(*Interruptions*)... That is what we are saying. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is applicable if the person is present here. ...(*Interruptions*)... The person is not present here. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, by that logic, you have to expunge what the Prime Minister says. ...(*Interruptions*)...

SHRI PREM CHAND GUPTA: I stated that it is a matter of record. You yourself know it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If it is a record, you could have brought it, read it out and authenticated it. You did not do that. ...(*Interruptions*)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SHRI PREM CHAND GUPTA: I can do it. ...(*Interruptions*)... I can authenticate. ...(*Interruptions*)... So, don't expunge, Sir. Let it be there. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no, that is expunged. ...(*Interruptions*)... That is expunged.

SHRI PREM CHAND GUPTA: I will authenticate, no problem. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You come, quote from the record and then authenticate. ...(*Interruptions*)... It is a different matter if you come, quote from a record and authenticate it. Now, you attributed a statement to 'x', which was not refuted here. ...(*Interruptions*)... The 'x' is not present. ...(*Interruptions*)... I have to do that. ...(*Interruptions*)... That is over. ...(*Interruptions*)... It is over. ...(*Interruptions*)... Whatever he has said is on record — don't worry — except what I expunged. Now Viploveji.

श्रीमती विप्लव ठाकुरः माननीय उपसभापति जी, मैं महामहिम के अभिभाषण पर बोलने जा रही हूँ। महामहिम का जो अभिभाषण होता है, वह सरकार की पॉलिसीज़ या सरकार की जो नीतियां होती हैं, उनका लेखा-जोखा होता है। उपसभापति जी, यह लेखा-जोखा नहीं है, यह जनता को * है।

इस अभिभाषण में कुछ भी नया नहीं है। मैंने सारा पढ़ा, बहुत बार पढ़ा। इसमें क्या है, वही- 'Sit India', 'Stand India', 'Make India', 'स्वच्छ इंडिया'। यानी इंडिया ही इंडिया है, जनता कहीं पर नहीं है, जनता का नाम ही नहीं है। और क्या कहा गया है— हम यह कर देंगे। अरे भाई, जो आपने 2014 में अपने मेनिफेस्टो और भाषणों में कहा, वह तो आप पूरा कर नहीं सके हैं, तो कहां से नया करेंगे? जो हमारी नीतियां थीं, उनके नाम बदल-बदल के ये लागू किए जा रहे हैं।

उपसभापति जी, जब ये प्रधान मंत्री बने, शायद इनको अलादीन का चिराग़ मिल गया, जिसको घिसते ही बिल्डिंग्स खड़ी हो गईं, सड़कें बन गईं, रेलवे लाइनें बन गईं, एयरपोर्ट्स बन गए, हवाई जहाज उड़ने लग गए, साइंस और टेक्नोलॉजी ने इतनी उन्नति कर ली कि मिसाइल्स बनने लग गए, यहां तक कि चंद्रयान भी जाने लगे। वह सिर्फ अलादीन के चिराग़ से हुआ। न तो पंडित नेहरू जी ने कुछ किया, न इंदिरा गांधी जी ने कुछ किया, न राजीव गांधी जी ने किया, न नरसिंह राव जी ने किया और न ही इनके वाजपेयी जी ने कुछ किया, जिनको आज तक पूछा नहीं जा रहा है। केवल आज पहली बार जो कुछ किया, वह मोदी जी ने किया। बाकी जो सारा भारत था, बाकी जो सारे नेता थे, वे बिल्कुल आराम से बैठे रहे। उन्होंने 60 साल कुछ नहीं किया। न तो देश को आज़ाद करवाया, न गरीबी के लिए लड़े और न ही भारत को आगे बढ़ाया। आज अगर भारत का नाम है, अगर भारत को पूछा जा रहा था, तो केवल ये कांग्रेस के जो नेता थे, जिनकी विचारधारा थी, जिनकी प्लानिंग थी, उसकी वजह से था, नहीं तो इन लोगों को कोई नहीं जानता था। ये कहां से आये, ये कब थे? न तो ये भारत की आज़ादी में थे, न ही भारत को बनाने में थे, लेकिन आज सबसे ज्यादा अपने आपको भारत की जनता का शुभचिन्तक समझते हैं। हां, हैं शुभचिंतक। महोदय, इन्होंने एक काम किया, जो नोटबंदी कर दी, जो तुगलकी फरमान जारी

* Expunged as ordered by the Chair.

कर दिया, रातों-रात नोटों को कागज के टुकड़े बना दिया, यह जरूर इन्होंने किया है। मैं इस पर नहीं जाना चाहती हूँ, क्योंकि इस पर बहुत बोला गया है। सबने कहा है कि इससे कितना काला धन आया, कितनी फेक मनी आई, कितना उग्रवाद रुक गया, इसको सबने बताया है। मैं तो केवल एक बात कहना चाहती हूँ, ये मेरे भाई बैठे हुए हैं, हिन्दू संस्कृति कहती है, जिसके ये बहुत पुजारी हैं, जिसका नाम लेते-लेते ये थकते नहीं हैं, उसी हिन्दू संस्कृति में यह कहा गया है कि बचा कर रखना चाहिए, मुसीबत के समय में काम आएगा। हमारे यहां कुशल गृहिणी उसे कहा जाता था... शादी होने के बाद जब लड़की विदा होती थी, तो मां उसको एक ही सलाह देती थी, बेटी, घर को बनाए रखना, घर के लिए कुछ बचा कर रखना, पति की जो आमदनी होती है, उसको संभाल कर ठीक ढंग से खर्च करना, फिजूलखर्च मत करना, कोई पता नहीं, कब मुसीबत के दिन आ जाएं। मेरी बहनों का वही जो पैसा था, उसको भी इन्होंने काला धन साबित कर दिया। उनको लाइनों में खड़ा कर दिया कि जाओ, अपनी उस संस्कृति का जुलूस निकालो, उसे सरेआम बदनाम करो, आपको पैसा बचाने का कोई हक नहीं है। इसको आपने खर्च नहीं किया, यह आप लोगों का कुसूर है, ये इन्होंने किया, ये इन्होंने बताया।

महोदय, आज जनसंख्या इतनी बढ़ती जा रही है, क्या इसमें उसके बारे में कोई उल्लेख है? इतने बड़े अभिभाषण में क्या उसके बारे में कोई सोच है? बिल्कुल नहीं है। यह इसलिए नहीं है, क्योंकि आप कहते हैं कि चार-चार बच्चे पैदा करो, पांच-पांच बच्चे पैदा करो ताकि वह पढ़ न सके, गरीबी की लाइन में लगा रहे और भिखारियों की तरह सड़कों पर घूमता रहे, उनको शिक्षा नहीं मिल सके। यह आप लोगों की नीति है, यह आप लोगों का माइंडसेट है। इसलिए मैं यह कहना चाहूंगी कि इस अभिभाषण में कुछ नहीं है, न इन्होंने किया है और न करेंगे। हां, नये-नये नारे जरूर लगा देते हैं, कभी कोई नाम दे देते हैं, कभी किसी के बारे में कह देते हैं। गुरु गोबिन्द सिंह जी की ही बात करते... आप आज इसमें उसका उल्लेख करते हैं, क्योंकि पंजाब में इलेक्शन थे। वैसे इनको उनसे कोई हमदर्दी नहीं है, उनसे कोई लगाव नहीं है। वह गुरु गोबिन्द सिंह जी, जिसने इस देश को बचाने के लिए, हिन्दुओं को बचाने के लिए अपने बच्चों को दीवार में चुनवा दिया था। ये उसका क्या मुकाबला करेंगे, जो इतने-इतने लाखों रुपए के कोट और सूट पहनते हैं, जिनको पता ही नहीं है कि हमें क्या करना है। ये बात करते हैं, ये हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं। मैं तो यही पूछना चाहती हूँ कि इन्होंने तीन सालों में किया क्या है? इन्होंने कौन-सा नया काम किया है, कौन-सी नई नीति लाए हैं? विदेश नीति, वह इनकी फेल है। हम चारों तरफ से दुश्मनों से घिरे पड़े हैं। इनकी आर्थिक नीति फेल है। आज इतना ज्यादा आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। जीडीपी के बारे में और वक्ता बता चुके हैं, अभी और भी वक्ता बताएंगे कि आपने इसको कहां से कहां पहुंचा दिया है।

आज विदेशों में जाने के लिए किसान रो रहे हैं, मजदूर रो रहे हैं, मेरी बहनें रो रही हैं, बच्चे रो रहे हैं। आप जिस अमेरिका के लिए बात करते थे, उसी ने आज एचबी-। वीज़ा पर रोक लगा करके ऐसा किया है। जिस टेक्नोलॉजी को, जिस आईटी को राजीव गांधी ने आसमान पर पहुंचाया था और जिसकी वजह से आज हमारी कंपनियों ने विदेशों में अपना स्थान बनाया है, उनको आज बेरोजगारी का सामना करना पड़ेगा। यह आप लोगों की नीतियों की वजह से है। वे कहां बोले?

कह रहे हैं कि सर्जिकल स्ट्राइक की। किसी ने बिल्कुल ठीक कहा कि यह तो इवेंट मैनेजमेंट है, गवर्नमेंट मैनेजमेंट नहीं है। यह तो पब्लिसिटी है। आर्मी ने अब तक कितनी ही सर्जिकल स्ट्राइक्स

[श्रीमती विप्लव ठाकुर]

की होंगी, लेकिन कभी उसका शोर नहीं मचा। आपने तो आर्मी को भी मार्केटिग का एक हिस्सा बना दिया, उसको भी बेच दिया। हमारे जो सिपाही, हमारे जो जवान बॉर्डर्स पर लड़ते हैं, अपना खून बहाते हैं, उसका भी आपने पब्लिसिटी के द्वारा मज़ाक उड़ा दिया, अपनी शोहरत के लिए, अपने मुँह मियां मिट्ठू बनने के लिए, अपनी बहादुरी दिखाने के लिए। कहां है वह देशभक्ति? है ही नहीं, क्योंकि देश के साथ कभी प्यार रहा ही नहीं। आप भारत की आज़ादी की लड़ाई में नहीं लड़े, देश बनाने में आपका हिस्सा नहीं रहा। ठीक है, हमारी कुछ गलतियां रहीं, जनता किसी को भी चुन सकती है, किसी को भी वोट दे सकती है। यह उनका अधिकार है और यह अधिकार भी उन्हें कांग्रेस पार्टी ने दिया है, आप लोगों ने नहीं दिया। आज अगर हम वोट देने का हक रखते हैं, इस देश में प्रजातंत्र है, तो कांग्रेस की नीतियों के कारण है। आपका वश चले तो पता नहीं इस देश को कहां ले जाएं! आप लोगों के लिए तो अभी भी डिक्टेटरशिप है, यह खाओ नहीं, यह नहीं पहनो, यहां बैठे रहो, कैबिनेट की मीटिंग में मंत्रियों को बाहर जाने की इजाज़त नहीं है, मोबाइल यूज़ करने की इजाजत नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप चुप रहिए और सुनिए। जब तक रेडियो में भाषण नहीं कर लेते, टी.वी. में अपना प्रचार नहीं कर लेते, कोई बाहर नहीं जा सकता। जब आपकी पार्टी में ही प्रजातंत्र नहीं है, तो देश में क्या लाएंगे, देश को क्या बनाएंगे?

इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि इस देश की हालत समझिए। किसान की हालत समझिए, गरीब की हालत समझिए, मजदूर की हालत समझिए और महिलाओं की हालत समझिए। आज लॉ एंड ऑर्डर कितना खराब हो गया है। जितने केसेज़ रेप के आज बाहर आ रहे हैं, उतने पहले कभी नहीं आए थे। आप कोई भी स्टेट उठाकर देख लीजिए, कहीं अमन-शांति नहीं है। उनमें एक डर है। अब इन्होंने एक नया शब्द चुन लिया है — देशद्रोही। जो इनके खिलाफ बोल दे, जो इनकी नीतियों की आलोचना कर दे, वह देशद्रोही है। उसे अरेस्ट कर लीजिए, केस चला दीजिए। यह एक नया शब्द इन्होंने निकाल दिया है, एक नई परिभाषा दी है। आपको बोलने का हक नहीं है। यदि आप हां में हां मिलाइए, तो बहुत ठीक हैं। अगर आपने गलत को गलत कह दिया तो आप देशद्रोही हो गए, आपके ऊपर मुकदमा चलना चाहिए, आपको जेल में डालना चाहिए। आज लोग ऐसे हालात में रह रहे हैं। यू.पी. में तो एक नया काम आपने शुरू कर दिया है। आपका वहां जो manifesto आया है, आप इसे manifesto में क्यों दे रहे हैं, आप कानून बनाइए, कानून को implement कीजिए। कानून eve-teasing के लिए पहले से मौजूद है, उसे ठीक तरह से लागू कीजिए। पुलिस reforms कीजिए। पुलिस को आधुनिक ढंग के हथियार दीजिए। उन्हें ट्रेनिंग दीजिए। ऐसा कानून manifesto में देने से eve-teasing दूर होने वाली नहीं है। आप mindset चेंज कीजिए। सोशल stigma को दूर कीजिए। अपने आपको इससे ऊपर उठाइए। पूरे भारत के बारे में सोचिए। जनता के बारे में सोचिए। केवल नारे मत दीजिए। आपके पास कितनी एफ.डी. आईज़. आ गई हैं? मैंने खुद अम्बाला में देखा है कि किसान आलू की ट्रॉली लेकर डी.सी. के ऑफिस के सामने बैठ जाते हैं कि तुम इन्हें बेचो। आप कहते हैं कि कुछ हुआ ही नहीं, इसका कोई असर ही नहीं हुआ। कितनी लेबर आज अपने-अपने प्रदेशों में वापस चली गई है, इसका सर्वे करके हमें बताइए, फिर पता चलेगा। क्योंकि हम राज्य सभा के सदस्य हैं, हमें जनता से बात नहीं करनी पड़ती लेकिन लोक सभा के मैम्बर्स या एम.एल.ए. से पूछिए कि जनता क्या हाल करती है? आपके ही एक एम.पी. के साथ कैसा व्यवहार हुआ, जो यहीं जनता के बीच भाषण दे रहे थे। लोगों ने कहा कि अंदर आइए और जूतों से पीटा गया कि तुम नोटबंदी की प्रशंसा

3.00 P.M.

करने आए हो, हम इसके कारण आज बेकार हो गए हैं, भूखे मर रहे हैं। इसलिए हकीकत को समझिए और अपने आपको बदलिए। केवल यह मत सोचिए कि यहीं रहेंगे। बड़े-बड़े लोग नहीं रहे, सिकन्दर नहीं रहा, कोई नहीं रहा। हर किसी को जाना पड़ता है। इसलिए अपना समय ऐसी बातों में मत बिताइए बल्कि भारत के लिए कुछ कीजिए, यहां की जनता के लिए कुछ कीजिए। इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का विरोध करती हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much. Now, Shri S. R. Balasubramoniyan; not present. Shri Narendra Kumar Swain; not present. Shri C. M. Ramesh; not present. Shri K. T. S. Tulsi.

SHRI K. T. S. TULSI (Nominated): Hon. Deputy Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity for speaking on the Motion of Thanks on the President's Address. While listening to the speech of the hon. President, I was waiting to hear a word of concern or sympathy with regard to the catastrophic impact which demonetisation policy of the Government, had in the country. The effect of demonetisation was vastly felt in the areas of employment as well as industry. However, the deafening silence in the Address is a matter of great concern. There was not even a word of condolence to the families of those, over a hundred, who lost their lives while standing in the queues to withdraw money from the ATMs. I just fail to understand as to what would have caused this kind of a catastrophe. It is said that the design of the new notes was finalised on 19th May, 2016. If the design was finalised on 19th May, what prevented the Government from printing the notes? What prevented the Government from recalibrating the ATMs? This is a tragedy in which over a hundred lives were lost, but no one is sorry about the catastrophic effect or even the loss of lives of our countrymen. There is no assurance of employment to the families of those who died, because the Government does not want to acknowledge the fact that people have died standing in the queues. There is no compensation, there is no assurance of employment and there is nothing in this Address which gives an assurance with regard to the revival of industries which have shut down. The Government promised two crore jobs every year. Instead of providing jobs, what has happened is that millions of jobs have been taken away from the people who were gainfully employed.

According to the Fifth Annual Employment-Unemployment Survey conducted in October, 2016, the unemployment rate was the highest in five years. If unemployment rate was already the highest in five years, then, one can imagine the impact of losing 6 lakh further jobs, which have been lost as a direct result of demonetisation policy.

The Survey also states that about 77 per cent of the rural households have no regular income and earn a monthly income of less than ₹ 10,000/-. This is the

[Shri K. T. S. Tulsi]

Survey which was conducted by the Labour Bureau, which comes under the Labour Ministry. Was the Government unaware of such a distressful situation of employment? Why at that very moment, it adopted the demonetisation policy?

[THE VICE-CHAIRMAN (DR. SATYANARAYAN JATIYA) *in the Chair*)

The economic growth of a nation is decided by the rate of employment in the country. The Address does not, unfortunately, mention as to how the industrial sector has been hit by demonetisation. For example, Ludhiana hosiery industry which provides employment to around 4,00,000 people, and about 70 per cent of its industrial units has shut down.

The Address mentioned Swachh Bharat Abhiyan and claimed that more than three crore toilets had been constructed, but it did not mention how many of these toilets were functional. The National Sample Survey Office revealed that in 2016-17, only 46 per cent of the 95 lakh toilets, which were built, are usable. Therefore, there cannot be a more classic example of wastage of taxpayers' money than this. This also amounts to a breach of promise and a breach of faith and misleading the country that this was, in fact, to rake out the black money. Black Money is not kept in cash. Everybody knew that. In fact, they have turned every Indian into a criminal that if you have cash, your cash is going to be confiscated and you have to stand in the queue and you cannot even withdraw your own money. This kind of a spectacle has not been seen in India after Partition.

The Government claims that the outlay for Railways has been increased. But it does not mention that hundreds of lives have been lost in never-ending accidents of the trains on account of lack of safety on the tracks. I hope that they will not launch a bullet train on these tracks which cannot even take a speed of 60 kilometres.

I wish the Address would have mentioned as to how many *jawans* have been killed on the borders after surgical strikes and how their families are getting along and whether any of them has been either assured a job or been compensated. Failing to mention the sacrifices of our *jawans*, in fact, belittles their martyrdom. I did not find a word of concern as to how farmers are eking out a living when they are not even getting a minimum price for their crops.

All in all, I feel that the Government needs to introspect and examine their failure in the field of industry, agriculture and employment. Thank you.

श्री राम कुमार कश्यप (हरियाणा) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में सरकार की एक साल की उपलब्धियों पर ही चर्चा की

है। उसमें इतनी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की गई है, उससे तो ऐसा लगता है कि हमारा देश बहुत स्पीड से आगे बढ़ रहा है, परन्तु वैसा नहीं है। दावों को हकीकत के साथ जोड़ कर भी देखना होगा। अभिभाषण में नोटबंदी की भी बात की गई है। उसमें कहा गया कि नोटबंदी से काला धन, भ्रष्टाचार, जाली करंसी और आतंकवादियों को धन मुहैया कराने जैसी बुराइयों का अंत होगा और राष्ट्रपति जी ने सरकार के इस कदम की सराहना भी की है, परन्तु ऐसा नहीं है। अब कितना काला धन आएगा, भ्रष्टाचार कम होगा, कब होगा यह तो भविष्य की बात है, क्योंकि "In the long run we are all dead", अर्थशास्त्री केन्स ने ऐसा कहा है।

The hon. President has also said that his Government has started many social security programmes like Deen Dayal Antyodaya Yojana aimed at empowerment of women from the deprived sections, PM Aawas Yojana, which is to provide shelter to the houseless poor, with appropriate interest subvention, Pradhan Mantri Mudra Yojana aimed at providing collateral free bank loans for promotion of small business, issue of RuPay debit cards for promotion of cashless payments, Pradhan Mantri Ujjawala Yojana meant for providing cooking fuel, LPG for the poor SCs and STs, Deendayal Gram Jyoti Yojana to remove darkness in the houses of the poor, Ujala LED bulbs distribution Yojana, Mission Indra Dhanush which aimed at affordable healthcare, Direct Benefit Transfer LPG cash benefit scheme, Digi Dhan Abhiyan etc. have led the country to transform into a new society with the vision of this Government, is also praiseworthy. Lots of poor people have been benefited by these schemes.

Moreover, the hon. President has also said that the programmes undertaken by this Government for the welfare of kisans supplemented to increase the acreage yield of kharif and rabi crops, has also proven good for the development of the farmers. The other programmes *viz.*, e-NAM which assures good market and remunerative prices for the produce of the farmers, supplying seeds and fertilizers, improving irrigation facilities, through Soil Health Cards, Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana aimed at risk coverage of the agricultural fields, Kisan Credit Cards meant to get access of credit through NABARD, Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana aimed at improving micro irrigation facilities, have also proven good for the welfare of the farmers. Large numbers of farmers are experiencing the benefits through these schemes and suicides graph of farmers is coming down.

In addition to the above, the hon. President has also detailed that the schemes launched for the benefit of the women in the country like *Nari Shakti* utilization, aimed at utilizing the skills and talents of the women by providing equal opportunities to them, *Beti Bachao Beti Padao* Scheme aimed at improving girl child's education, Suraksha Samriddhi Yojana aimed at securing the future of the girl child by depositing ₹ 11000 crores for them, Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan to provide comprehensive ante-natal care for pregnant women by qualified medical practitioners, revision of the Maternity Benefit Act to give more leave for pregnant ladies have also been widely spread, especially, among the rural women folk and they are getting the maximum benefits.

In the same way, opening of Skill Development Centres across the country, Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana, National Apprenticeship Promotion Scheme, Pradhan Mantri Yuva Yojana, Stand-up-India, for the benefit of youth to improve their skills and employability, are increasing the skills of the young people. Hon. President has also informed that the bold decisions taken by the Government, like Demonetisation, implementation of OROP in the defence field, undertaking surgical strikes at borders, launch of BHIM Mobile Payment system, Aadhaar Payment System, streamlining of process of appointments, One-Nation-One-Tax system through GST, sustained global growth, liberalization of FDl Policy, facing terrorism, global affairs, global outreach, agreements with foreign countries for the development of India are leading our country into all-round sustainable development of the country.

I express profound thanks on behalf of my Telugu Desam Party to the hon. President of India for mentioning about all the developmental schemes and steps taken by this Government for bringing all-round development of the country. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Mr. Venkatesh. Mr. Biswajit Daimary is not present. Mr. Ram Vichar Netam, please.

श्री राम विचार नेताम (छत्तीसगढ़): माननीय उपसभापति महोदय, आज मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मुझे इस सदन में बोलने का मौका मिला। खासकर, महामहिम के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन करने के लिए मैं यहां उपस्थित होकर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

उपसभापति महोदय, यह सौभाग्य की बात है कि जो ऐतिहासिक अभिभाषण प्रस्तुत हुआ, उसके प्रथम उद्धरण में ही महामहिम ने जिन शब्दों का उल्लेख किया है, उसी से मैं ऐसा मानता हूँ कि देश के इतिहास में आज़ादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ कि समय से पूर्व एक साथ बजट प्रस्तुत हुआ। हमारे नरेंद्र मोदी जी की सरकार का जो लेखा-जोखा है, उसको एक दस्तावेज के रूप में महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सदन में प्रस्तुत किया गया। सरकार ने लगातार पिछले दो सालों में इस देश के लिए, इस देश के विकास के लिए, इस देश की बेहतरी के लिए, इस देश के मान-सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए जो कदम उठाए हैं, जो कार्यक्रम चलाए हैं, उन योजनाओं को महामहिम ने अपने अभिभाषण में बहुत ही अच्छे शब्दों में प्रस्तुत किया है। चेयर ने मुझे यहां बोलने की अनुमति दी, उसके लिए मैं माननीय सभापति जी, हमारे सदन के नेता और अपने दल के वरिष्ठ साथियों का निश्चित तौर पर आभार व्यक्त करता हूँ और उनका अभिनन्दन करता हूं।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री तिरुची शिवा)** *पीठासीन हुए*]

उपसभाध्यक्ष महोदय, निश्चित तौर पर जब माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी, तो उससे पहले देश में एक ऐसा वातावरण था, जिसमें चारों तरफ निराशा की बातें थीं, देश निराशा में डूबा हुआ था और ऐसा कोई रास्ता दिखाई नहीं देता था कि वास्तव में हमारे देश के मान-सम्मान और स्वाभिमान पर जो बट्टा लग रहा है, उसमें जो कमी आ रही है, उसमें शायद कहीं कुछ अच्छा हो। लेकिन इस निराशा से आशा की ओर बढ़ते हुए देश की जनता ने भारी मतों से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व को माननीय नरेंद्र मोदी जी पर विश्वास करते हुए, उन्हें प्रधान मंत्री के रूप में निर्वाचित किया और लोकतंत्र के इस मंदिर में सर्वाधिक मतों से सबसे अधिक सांसद बना करके यहां बैठाया। उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने जिस कार्य संस्कृति का विकास किया, वह निश्चय ही काबिले तारीफ है। देश के इतिहास को बदलने का माद्दा रखते हुए उन्होंने जो कदम उठाए, निश्चित तौर पर आगे चल करके वे स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। यही कारण है कि उन्होंने अपनी कार्य संस्कृति को जिस प्रकार से बढ़ाया कि "सब का साथ, सब का विकास" इन बातों को लेते हुए, सभी का सहयोग लेते हुए उन्होंने जिस समय शपथ ली, उस शपथ के माहौल में भी उस कार्यक्रम में तमाम पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को बुला कर के एक संदेश दिया कि हम पड़ोसी देशों से कैसा सम्पर्क करना चाहते हैं, कैसा संबंध स्थापित करना चाहते हैं। यही नहीं, चाहे पक्ष हो या विपक्ष हो, चाहे किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ हो, सब को साथ लेकर के देश की बेहतरी के लिए उन्होंने जो खाका तैयार करके काम करना शुरू किया, उसमें चाहे भारतीय जनता पार्टी के लोग हों या अन्य-अन्य पार्टी के हों, बिना भेदभाव के तमाम जितने भी हमारे अन्य-अन्य प्रदेशों के माननीय मुख्यमंत्रीगण हों, उन सब को शामिल करते हुए जिस प्रकार से देश के विकास के लिए संरचना करके जो काम करना शुरू किया, निश्चित तौर पर हम उन्हें बधाई देते हैं, शुभकामनाएं देते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कह रहा था कि आज यह अवसर हम सब को मिला है इस देश के नवनिर्माण करने का। उपसभाध्यक्ष महोदय, जिस समय इक्कीसवीं सदी की बात हो रही थी, उस समय अटल जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार थी। अटल और आडवाणी जी के

रूप में देश को नेतृत्व मिला हुआ था। तब के बाद जब 10 साल का जो कार्यकाल आया, उस 10 साल के कार्यकाल में सब को मालूम है कि हमारे देश की स्थिति क्या बनी थी, विदेशों में हमारी क्या छवि बन रही थी। उससे उभर करके देश की जनता ने जिस नेतृत्व को आज यह काम सौंपा है, निश्चित तौर पर हम यह कह सकते हैं कि आज देश की जनता गौरवान्वित है कि हमने ऐसे हाथों में नेतृत्व दिया है कि देश के विकास के लिए, देश की बेहतरी के लिए, देश के मान-सम्मान और स्वाभिमान को बढ़ाने के लिए वे काम कर रहे हैं। आज विदेशों में इसी का डंका बज रहा है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम कह सकते हैं कि देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी आज पूरे विश्व के लोग यह मानने लगे हैं कि इक्कीसवीं सदी अगर कहीं है तो वह आज भारत में है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, सिर्फ एक ही बात पर हम नहीं कहना चाहते, बल्कि हम अगर जीडीपी की बात करें तो जहां 2012-13 में 5.6 प्रतिशत की जीडीपी हमारे देश की थी, आज हम यह कह सकते हैं 2015-16 में 7.6 प्रतिशत इतने कम समय में यह वृद्धि हुई है, यह छोटी-मोटी बात नहीं है। यही नहीं, हमारे तमाम वरिष्ठ लोग यहां हैं, इतने सारे विद्वानों के बीच में मैं ऐसे सुदूर अंचल से चल करके, अनुसूचित जनजाति वर्ग से आकर के आज इतने बड़े समुद्र में यहां बैठ करके आपके बीच में बात कर रहा हूं, तो यह साहस देने का भी अगर किसी ने काम किया है तो माननीय नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने किया है कि मुझे उस गांव से लाकर के आज यहां यह अवसर प्रदान किया है। उपसभाध्यक्ष महोदय, आज यही नहीं, उन गांवों, गरीब किसानों की बात है। मैं इस अभिभाषण में देख रहा था कि अगर किसी के लिए योजना सबसे अधिक चली है तो वह गरीब के लिए चली है। आज गांव, गरीब, किसान, मज़दूर और नौजवान की चिन्ता करते हुए बजट में प्रावधान किया गया है और इस अभिभाषण में इन सबको शामिल किया गया है।

अगर हम Railway connectivity की बात करें, तो एक ज़माना था कि रेलवे में toilets नहीं हुआ करते थे। वहां रेलवे में डिब्बे की बात कर रहे हैं, उसमें सीट अरेंजमेंट नहीं होता था। इसी तरह से स्टेशनों की बुरी हालत थी। डिब्बों की हालत ऐसी थी कि उनमें चढ़कर दूसरी जगह जाना मुश्किल होता था, स्टेशन पर पहुंचकर वेटिंग रूम में बैठना मुश्किल होता था, लेकिन आज हम दावे के साथ यह कह सकते हैं, पूरा देश इस बात को देख रहा है कि आज स्टेशनों की हालत ऐसी है, जैसे फाइव स्टार होटल हो — ऐसी स्थिति बनी है। आज आप कहीं पर भी जाकर स्टेशन पर भोजन कर सकते हैं, ब्रेकफास्ट कर सकते हैं — इतनी अच्छी व्यवस्था है। मैं समझता हूं कि यह जो क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है, यह छोटी-मोटी बात नहीं है।

रेलवे कनेक्टिविटी के साथ-साथ, चाहे एयर कनेक्टिविटी की बात करें या रोड कनेक्टिविटी की बात करें, सब जगह परिवर्तन आया है। आज चारों तरफ — उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक आप किसी भी राज्य में देख लें, चाहे आप पूर्वांचल में जाएं या पश्चिम में जो राज्य हैं, वहां जाएं, चाहे आप उत्तरांचल की बात करें या हिमाचल की बात करें या दक्षिण में केरल, कर्णाटक की बात करें, वहां पर जिस तरह से आज National Highways का काम चल रहा है, वह देखने लायक है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूं कि यह आपकी भी जानकारी में है कि आपके यहां कितनी बड़ी-बड़ी स्कीमों में काम हो रहा है। वह पहले क्यों नहीं हो रहा था? वह आज क्यों दिखायी दे रहा है? आज कनेक्टिविटी काफी बढ़ गयी है। आज लाखों-करोड़ों रुपए खर्च करके रेलवे कनेक्टिविटी बढ़ायी जा रही है। 1 लाख 21 हज़ार करोड़ रुपए सेफ्टी प्वाइंट के लिए रखे गए हैं। ये सभी बातें हैं।

[श्री राम विचार नेताम]

यही नहीं, आज हमारा जो नेतृत्व है, इस नेतृत्व को देखकर देशवासी का सीना स्वाभिमान से चौड़ा हो जाता है। उसे लगता है कि कोई नेतृत्व है। आज विदेशों में जब हमारा नेतृत्व खड़ा होता है — चाहे अमेरिका हो, कनाडा हो या अफ्रीका हो — किसी भी देश में जाकर जब हमारे प्रधान मंत्री बोलते हैं तो देश गौरवान्वित महसूस करता है, देश गौरवान्वित होकर देखता है कि हमारा कोई लीडर बोल रहा है। यही नहीं, जो तमाम मुस्लिम कंट्रीज़ हैं, जो हमारे पड़ोसी देश हैं — आप सबको इस बात पर गर्व होना चाहिए, हमें भी गर्व होता है कि दो मुस्लिम देशों ने, सऊदी अरब ने, जहां मक्का और मदीना हैं और उसके साथ-साथ अफगानिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष ने हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी को वहां के नागरिक का सर्वोच्च सम्मान दिया। यह छोटी-मोटी बात नहीं है। आज़ाद भारत में आज तक किसी भी प्रधान मंत्री को इतना बड़ा सम्मान नहीं मिला, लेकिन उन्हें आज यह सम्मान मिला।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने जो दस्तावेज प्रस्तुत किया है, महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण के रूप में सरकार के कामकाज का लेखा-जोखा एक तरह से यहां प्रस्तुत किया गया है। निश्चित तौर पर हमारी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों से प्रेरणा लेकर काम करने वाली सरकार है, हम उनसे प्रेरणा लेकर काम करने वाले लोग हैं। जो अभिभाषण प्रस्तुत किया गया है, उसमें सरकार के विकास का जो खाका प्रस्तुत किया गया है, उसमें जो विकास कार्य दिया जा रहा है, वह सर्वस्पर्श है, सर्वग्रही है, सर्वसमावेशी है। इन विचारों को लेकर हम चल रहे हैं। ...(**समय की घंटी**)...

महोदय, बहुत सी बातें हैं। मैं कहना चाहता हूं कि चाहे राशन कार्ड की बात हो, चाहे राशन वितरण की बात हो, चाहे रेलवे कनेक्टिविटी की बात हो, चाहे जन-धन योजना की बात हो, चाहे फसल बीमा योजना की बात हो, इन सभी योजनाओं में खास करके अगर किसी को केंद्र बिन्दु बनाया गया है तो गांव, गरीब, किसान और मज़दूर को बनाया गया है। इन्हें केंद्र बिन्दु बनाकर, गरीबों को केंद्र बिन्दु बनाकर हमारी सरकार का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please conclude.

श्री राम विचार नेतामः इसलिए मैं इसका समर्थन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं और माननीय प्रधान मंत्री जी को तथा माननीय सदन को धन्यवाद देता हूं कि मुझे इस अभिभाषण पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया। सदन के तमाम सदस्यों ने मेरी बात को गंभीरता से सुना। यदि मुझसे बोलने में कोई त्रुटि हुई हो तो मुझे क्षमा करें, धन्यवाद।

श्री नरेंद्र बुढानिया (राजस्थान)ः उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण प्रस्ताव पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं। मैं पिछले दो-तीन दिन से लगातार बहस को सुन रहा हूं। मैंने सभी वक्ताओं को ध्यान से सुना है और बहुत अच्छी बातें सामने आईं हैं। जब राष्ट्रपति जी के अभिभाषण प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्री श्री रवि शंकर प्रसाद जी रख रहे थे, तो उन्होंने बहुत सी बातें बताईं। उन्होंने खास बात यह बताई कि देश बदल रहा है, इस देश में परिवर्तन हो रहा है। यह बात बड़े जोर-शोर से कही। उन्होंने इसके पक्ष में कहा कि हमारी सरकार अनेकों योजनाएं लेकर आई है, हमारी सरकार ने बहुत सी घोषणाएं की हैं, उन्होंने "मेक इन इंडिया" की बात कही, उन्होंने "स्टार्टअप

इंडिया" की बात कही, उन्होंने "स्टैंडअप इंडिया" की बात कही और अनेक योजनाएं गिनाईं। उन्होंने बहुत सी बातें सदन के सामने रखें। मैं पूछना चाहता हूं कि घोषणाओं की दुकानें तो आपने बहुत सी खोल लीं, लेकिन इन दुकानों में माल कितना बिका? यह तो आपको देश की जनता को बताना चाहिए। दुकान खोलने से कुछ नहीं होता है, माल कितना बिका, यह मैटर रखता है। यह देश की जनता आपसे जानना चाहती है। आपकी घोषणाएं तो बहुत अच्छी हैं। ये कागजों में बहुत अच्छी लग रही हैं। ये कम्प्यूटर में फीड हैं, इसलिए ये बहुत अच्छी लग रही हैं, लेकिन जमीन पर उतरीं कि नहीं, यह देखने वाली बात है। मैं आज सरकार को बताना चाहता हूं कि आपकी घोषणाएं जमीन पर नहीं हैं। आपकी घोषणाएं कागज पर चल रही हैं। आपके पास समय है, आपका ढाई साल से ज्यादा का समय चला गया है, अभी आपके पास एक साल का समय बचा है, इस एक साल के समय में आप देश के लिए कुछ करना चाहें, तो करने की कोशिश कर लीजिए, अन्यथा यह एक साल का समय भी चला जाएगा, उसके बाद चुनाव का समय आ जाएगा। आपकी कोई सुनने वाला नहीं होगा। आप घोषणाएं करते जाइए, लेकिन इससे कुछ होने वाला नहीं है। आपने महामहिम राष्ट्रपति जी से किसानों के बारे में कहलवाया है, आपने बार-बार कहा है कि आप किसान का कायाकल्प कर देंगे, आपने कहा कि हम किसान की आय को दोगुना कर देंगे। आज देश के किसानों को इन सब बातों पर हंसी आ रही है। आप सिर्फ किसान की बात करते हैं, लेकिन किसान के बारे में कुछ सोचा नहीं जाता है। आज हमारे देश के अंदर किसान की क्या हालत है। आज हमारा किसान ठगा हुआ महसूस कर रहा है। आपने किसानों के लिए बहुत लम्बी-लम्बी बातें कही हैं। मैं आपको हकीकत बताना चाहता हूं, मैं किसानों के बीच में रहता हूं, मैं गरीबों के बीच में रहता हूं। मैं आपको उनकी हकीकत बताना चाहता हूं। आज किसान की क्या हालत है। यह सच है कि जब फसल बोने का समय आया, तो किसान के पास पैसा नहीं था। किसान की आंखों में आंसू थे कि वह बीज कहां से खरीदे, वह खाद कहां से खरीदे? आप कल्पना नहीं कर सकते कि किसान ने क्या-क्या नहीं किया, किसान ने कहां-कहां अपनी झोली नहीं फैलायी होगी, अपने खेत के लिए बीज प्राप्त करने के लिए, खाद प्राप्त करने के लिए! क्या सरकार किसानों को समय पर बीज उपलब्ध नहीं करा सकती थी? क्या खाद और कीटनाशक उपलब्ध नहीं करा सकती थी? लेकिन सिर्फ जुमले ही जुमले हैं। सर, मुझे एक गाना याद आता है, "वायदे पर तेरे मारा गया", लेकिन अब कहते हैं, "जुमले पर जुमला तेरा" और "तेरे जुमले पर मारा गया वह किसान और गरीब बेचारा।" आज आप के बारे में लोग यह सोच रहे हैं। सर, जब किसान की फसल तैयार हो गयी, तो क्या किया सरकार ने? सर, सरकार ने मुंह फेर लिया। किसान की फसल मंडियों में सड़ती रही, उसे कोई लेने वाला नहीं था। किसान की फसल बरसात में भीगती रही, उसे कोई देखने वाला नहीं था। तब किसान ने अपनी पैदावार को सड़कों पर फेंक दिया या फिर औने-पौने दामों पर उसे बेच दिया। आज हमारे देश के किसानों की यह हालत है।

सर, मैं एक किसान का बेटा होने के नाते सरकार से कहना चाहता हूं कि आपको देश ने चुनाव में इतनी सीटें दी हैं और इस में किसान का एक बड़ा रोल है। क्या आपको किसान को उसकी फसल का बोनस नहीं देना चाहिए था? आज किसान की चने की फसल चल रही है, जिसका बीज उसने 15 हजार रुपए क्विंटल के भाव से लिया है। आज उस का भाव 5 हजार रुपए क्विंटल पर आ गया है और जब उसकी पैदावार खेत से बाहर आएगी तो उसका भाव 3 हजार रुपए होगा और उसे कोई खरीदने वाला नहीं होगा। आप सोचिए क्या हालत है किसान की? मैं सरकार से मांग करता हूं कि कम-से-कम 20 प्रतिशत बोनस किसान को दिया जाए।

[श्री नरेंद्र बुढानिया]

यदि आप किसान के सच्चे हितैषी हैं और किसान की उन्नति चाहते हैं, आप किसान की ताकत बढ़ाना चाहते हैं, तो आपको एमएसपी का रेट बढ़ाना होगा। अगर उसे उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिला तो देश का किसान बरबाद हो जाएगा, लोग खेती करना छोड़ देंगे और देश मंझधार में आ जाएगा। इसलिए मेरा सुझाव है कि किसान की ताकत बढ़ाने के लिए एमएसपी का रेट बढ़ाया जाना चाहिए। आप नहीं मानेंगे, यह मुझे पता है, लेकिन मैं अपना मन तो हल्का कर लूं। मैं अपने किसानों को कह तो सकूं कि किसान भाइयो, मैंने सदन में आपकी बात ताकत के साथ रखी है।

आपने बातें बहुत की हैं। आपने पैदावार दोगुनी करने की बात की है। आप पैदावार कैसे बढ़ाएंगे? आपने सिंचाई की बात की, लेकिन सिंचाई के लिए आप क्या कर रहे हैं? सर, सिंचाई के लिए कोई योजना नहीं है। आज सिंचाई के पानी के जितने भी disputes हैं, वे सारे सालों-सालों से वैसे ही पड़े हैं। सर, मैं राजस्थान से चुनकर आता हूं। आज वहां का किसान बहुत तकलीफ में है। राजस्थान का किसान बहुत मेहनती है। वह आपकी तरफ देख रहा है। उसे पीने का पानी चाहिए, उसे पानी नहीं मिलता। वह सिंचाई के लिए पानी की उम्मीद रखता है, लेकिन वह उसे नहीं मिलता है।

सर, मैं अभी राजस्थान के चुरू जिले के एक गांव तारा नगर में गया। वहां कुछ किसान धरने पर बैठे थे और मैं उनसे मिलने गया। तो मुझे बताया गया कि वहां के किसान पानी की मांग पर तीन महीने से धरने पर हैं। यहां हमारे राजस्थान से मंत्री जी बैठे हैं, उन्हें यह बात मालूम है कि वहां के किसान आंदोलनरत हैं। वे पीने के पानी और अपनी जमीन की सिंचाई के लिए आंदोलन कर रहे हैं। उन किसानों ने मुझ से कहा कि आप जाकर देश के मुखिया को बताइए, आप केंद्र सरकार को बताइए कि हमें हमारे पानी के हक से क्यों रोका जा रहा है? सर, राजस्थान की सब से बड़ी कैनाल, इंदिरा गांधी कैनाल ने बाड़मेर और जैसलमेर जैसी जगहों को पानी दे दिया, उस कैनाल की 5 लिफ्ट कैनाल थीं, जिनके माध्यम से रेगिस्तान को पानी देने की योजना थी। वह योजना बनी और उसको कांग्रेस की सरकार ने राजस्थान में बनाया, लेकिन आज मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि उन पांचों लिफ्ट कैनाल्स का आधा रकबा सिंचाई से वंचित कर दिया गया। मैं तारा नगर में जिस धरने पर गया था, उस आधे रकबे में सबसे ज्यादा हिस्सा वहां का कटा। आज आप किसान की बात करते हैं, तो फिर किसान आप से कैसे प्रभावित होगा? इसलिए मेरा निवेदन है कि इस देश की बड़ी आबादी किसान है और इस किसान के लिए आप कुछ करें, तो अच्छा होगा।

मैं आप से एक बात और कहना चाहता हूं कि देश को सम्बोधित करते हुए 30 दिसम्बर को जब प्रधान मंत्री जी मन की बात कर रहे थे, तो मैं आपको सच्ची और हकीकत बात कहना चाहता हूं कि उस दिन देश के सारे गरीब आदमी, इस देश के सारे मजदूर, इस देश के सारे कमजोर लोग, किसान, महिलाएं, वृद्ध, नौजवान और बच्चियां, सभी टी.वी. के सामने बैठे थे। उनके दिल में था कि आज देश के मुखिया और हमारे प्रधान मंत्री जी हमारे लिए कुछ बोलेंगे। प्रधान मंत्री जी ने देश से 50 दिन का समय मांगा था। 50 दिन पूरे होने के बाद जब वे देश को सम्बोधित करने के लिए टी.वी. पर आए ....(**समय की घंटी**)... तब पूरा देश हक्का-बक्का रह गया। उन्होंने अपने आपको प्रधान सेवक बताने के अलावा जनता के लिए कुछ भी नहीं बोला। उनका भाषण सुनकर जनता निराश हो गई। लोगों ने सोचा था कि किसान का कर्ज माफ होगा। हम सब लोग

भी आस लगाए बैठे थे कि आज प्रधान मंत्री जी गरीब आदमी के लिए कुछ बोलेंगे। हमने सोचा था कि आज वह असली वक्त आ गया है जब हमारे देश के प्रधान मंत्री किसान की बात करेंगे और किसान का ऋण माफ करेंगे। जब लोगों ने उनका भाषण सुना, तो मैं आपको शब्दों में नहीं बता सकता कि लोगों की कैसी हालत थी। आपको किसान के बारे में सोचना चाहिए और किसान का कर्ज माफ करना चाहिए। आपको किसान कभी बोलेगा नहीं। बड़े-बड़े लोग कर्ज लेते हैं, तो उनका कर्ज तो माफ भी हो जाता है और वे कर्ज लेकर भाग भी जाते हैं, लेकिन बेचारा किसान आपके लिए काम करता है।

मैं कुछ बातें नौजवानों के बारे में भी कहना चाहता हूं। जब सरकार 2014 में चुनाव जीतकर आई थी, तो आपने रोजगार की बात कही थी कि हम करोड़ों की संख्या में रोजगार प्रदान करेंगे। आज क्या हुआ, आपने नोटबंदी का तुगलकी फरमान जारी कर दिया और रोजगार देने के बजाए करोड़ों लोगों को बेरोजगार कर दिया, यह क्या बात हुई? क्या देश की जनता आप से यही अपेक्षा रखती है? क्या देश के नौजवान आप से यही अपेक्षा रखते हैं? जब आपने नोटबंदी की घोषणा की तब आपने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते हैं। आपने कहा कि हम काले धन के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते हैं। आपने कहा कि इस देश में नकली नोट आ रहे हैं, उनके खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते हैं, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ना चाहते हैं। इस लड़ाई में पूरे देश ने आपका साथ दिया। आपका साथ गरीब ने दिया, किसान ने दिया, मजदूर ने साथ दिया, वृद्ध, महिला और नौजवान सबने आपका साथ दिया कि यदि आप आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं, काले धन को बाहर निकालने के खिलाफ लड़ रहे हैं, भ्रष्टाचार से लड़ रहे हैं, तो हम आपके साथ हैं। मुझे यह कहते हुए अपनी पार्टी पर और अपने नेताओं पर गर्व है कि उन्होंने यह बात कही, तो कांग्रेस ने कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचार से लड़ती रही है, कांग्रेस हमेशा काले धन के खिलाफ लड़ती रही है और आतंकवाद से लड़ती रही है। यदि आपकी भी ऐसी मंशा है, तो हम आपके साथ हैं, लेकिन जब असलियत सामने आई ...(**समय की घंटी**)... तो आपका जितना पैसा छपा हुआ था, वह सारा छपा हुआ पैसा वापस बैंक में जमा हो गया। आज देश आपसे यह तो जानना चाहता है कि कितना काला धन आया? यह तो आपको देश को बताना पड़ेगा कि कितना काला धन आया? आपको यह इसलिए बताना पड़ेगा क्यों कि देश के गरीब लोगों की लाइन में, कतार में लगने से सौ से ज्यादा मौतें हो गईं। उन मौतों का कौन जिम्मेदार है? उनके परिवारों के प्रति आज कौन जिम्मेदार है? आपको बताना तो पड़ेगा कि जिन सौ लोगों ने अपनी आहुति दे दी, न सिर्फ हजारों लोगों ने इतनी तकलीफ़ें भुगतकर, लाइन में खड़े होकर इतनी यातनाएँ और तकलीफ़ें सहीं, उनके लिए आप वह बताओ तो सही! आपसे न तो काला धन आया, न आतंकवाद रुका, न ही भ्रष्टाचार की कोई बात सामने आई। सारा पैसा आ गया, इसलिए अब आप डिजिटल इंडिया की बात करने लगे, कैशलेस की बात करने लगे। मुझे बताइए कि क्या हिन्दुस्तान कैशलेस हो सकता है? हिन्दुस्तान कैशलेस नहीं हो सकता है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Mr. Budania.

श्री नरेंद्र बुढानियाः सर, मुझे थोड़ा-सा, दो-तीन मिनट्स और बोलने दीजिए, मेरा आपसे यह निवेदन है। आपने नोटबंदी की, लेकिन क्या हमारे देश के अंदर यह संभव है? आपने जो कैशलेस की बात कही, क्या वह संभव है? मैं अभी तीन दिन पहले एक गरीब आदमी की शादी में गया था। हमारी परंपराएँ हैं। हमें वहां पर शगुन देना पड़ता है। हमें शगुन के तौर पर वर-वधू

[श्री नरेंद्र बुढानिया]

के हाथ में कुछ देना पड़ता है। क्या वे वहां पर देने के लिए मशीन लगाएंगे? आप सोचिए तो सही। स्मृति ज़ूबिन इरानी जी, आप बैठी हैं, आप जानती हैं कि जब आप शादी में जाती हैं, तो लिफाफा देकर आती हैं। आप लिफाफा देती हैं। ...(**व्यवधान**)... हम अब क्या देंगे? हम शगुन के लिए क्या देंगे? आपके ये कार्ड कहां तक चलेंगे? मैं गडकरी जी से क्या पूछूँ? जब पूछूँगा तो उनसे पूछूँगा कि यदि कुछ हुआ है, तो आपको मुझे भी बताना पड़ेगा।

उपसभापति जी, मैं बोलना तो नहीं चाहता था, चूँकि यह बात सामने आ गई, जब हमारे सम्माननीय सदस्य ने यह बात कही, तो मैं इसको समझ रहा था।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरे बेटे की शादी थी। उसकी 16 जनवरी की शादी तय थी। मैं 11 नवंबर को संबंध करने गया। 11 नवंबर की तारीख तय थी और 8 तारीख को नोटबंदी का तुगलकी फ़रमान जारी हो गया। जब नोटबंदी का फ़रमान जारी हो गया और जब वहां पर संबंध करने गये, तो शगुन का पैसा किसी के पास नहीं था। मेरे संबंधी की आँखों में आँसू थे। उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि आज का तो हो जाएगा, लेकिन शादी कैसे होगी? इसलिए आप इसको आगे खिसका दीजिए। लेकिन मैंने सोचा कि क्यों नहीं मैं इस देश को बताऊँ कि ऐसे लोग भी हैं। मैंने उनसे कहा कि नहीं, 16 तारीख को शादी नहीं होगी, हम अभी, इसी वक्त शादी करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास माला ही नहीं है। हमने कहा सूत की माला डाल दीजिए। सूत की माला से शादी हो गई। सूत की माला से शादी हो जाती है, लेकिन तकलीफ़ तब होती है, जब आपके मंत्री करोड़ों रुपये की शादी कर रहे होते हैं। जिस दिन शादी पचास-पचास रुपये में हुई, उसी दिन 500 करोड़ रुपये में भी शादी हुई। ये 500 करोड़ रुपये कहां से आए? मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं? उसी दिन हमारे केंद्रीय मंत्री के बेटे की शादी थी। उस शादी में करोड़ों-करोड़ रुपये खर्च हुए। सैकड़ों स्पेशल फ्लाइट्स गईं, हेलिकॉप्टर्स गए। यह पैसा कहां से आया? यह डबलिंग चलने वाली नहीं है। ...(**व्यवधान**)... यह डबलिंग चलने वाली नहीं है। मैं कहना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)... मैं वास्तव में कहना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)... गरीब की ...(**व्यवधान**)... आपने जोर-शोर से सर्जिकल स्ट्राइक की बात की। जब आप सर्जिकल स्ट्राइक की बात कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Mr. Budania. ...(*Interruptions*)... He is speaking well, but I have given double the time that was allotted

श्री नरेंद्र बुढानियाः उपसभापति जी, मैं बहुत कम बोलता हूं, मैं आपसे थोड़ी-सी बात और कह दूं। ...(**व्यवधान**)... सर, सरकार कहती है कि हम गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। रवि शंकर प्रसाद जी ने सर्जिकल स्ट्राइक और नोटबंदी के बारे में बड़े जोर-शोर से बात कही, हमारे माननीय महामहिम राष्ट्रपति जी से भी कहलवाई और आज प्रधान मंत्री जी जब उधर बोल रहे थे तो इसके बारे में बहुत जोरदार तारीफ कर रहे थे। मैं यह कहना चाहता हूँ कि आपने जो सर्जिकल स्ट्राइक की बात कही, अच्छी बात है, हमारे देश के जवानों पर हमें गर्व है, हमारी फौज पर हमें गर्व है, लेकिन आज सर्जिकल स्ट्राइक करने की आवश्यकता किस चीज पर है? आज गरीबी के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है, आज बेरोजगारी के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत है। अगर आज इनके खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक नहीं की गई, तो न

तो हमारे किसान हमें बख्शने वाले होंगे, न देश के नौजवान हमें बख्शने वाले होंगे और न ही गरीब हमें बख्शने वाले होंगे। कोई हमें बख्शने वाला नहीं होगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, समय किसी का इंतजार नहीं करता। आगे समय आने वाला है। यह प्रजातंत्र है और प्रजातंत्र के अंदर पांच साल के बाद हिसाब देना होता है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You have too many papers. Time allotted to you is nine minutes. I have given twenty minutes. You are speaking very well, but please conclude.

श्री नरेंद्र बुढानियाः सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूँ कि एक लंबे समय से मैं यह बात सुन रहा हूँ कि आजादी के बाद इन 70 सालों में इस देश में कुछ नहीं हुआ। कुछ नहीं हुआ, तो क्या ढाई साल में सब कुछ हो गया? क्या देश पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को भूल सकता है?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Mr. Budania. Please conclude.

श्री नरेंद्र बुढानियाः क्या यह देश इन्दिरा गांधी जी को भूल सकता है? क्या यह देश राजीव गांधी जी को भूल सकता है? आज इस देश में जितने बड़े-बड़े कारखाने हैं, जितने बड़े-बड़े पी.एस. यूज़ हैं, उन्हें इस देश में स्थापित करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू जी थे। आज उन पी.एस. यूज़ में करोड़ों-करोड़ लोग काम कर रहे हैं, उन्हें रोजगार मिला हुआ है। यह उनकी परिकल्पना थी। इन्दिरा जी ने नारा दिया था कि लोग मुझे हटाना चाहते हैं और मैं गरीबी हटाना चाहती हूँ, तो बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Brevity is the soul of wit. Thank you very much.

श्री नरेंद्र बुढानियाः किसानों की उन्होंने पीठ थपथपाई। किसानों से कहा कि मैं तुम्हारी मदद करूंगी और "हरित क्रांति" लेकर आईं। आज हमारा देश अपने पैरों पर खड़ा है। आप सब कुछ आज यह भूल गए। हमारे इतने मिसाइल परीक्षण हुए हैं, इतने परमाणु परीक्षण हुए हैं, "चंद्रयान", "मंगलयान", आज हम कहां पहुंचे हैं? क्या यह सब ढाई साल के अंदर हो गया?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Mr. Budania, See, your party has some other Members. They will also participate.

श्री नरेंद्र बुढानियाः देश की जनता समझती है कि इस देश की आजादी कांग्रेस पार्टी ने करवाई, इस देश का जनतंत्र कांग्रेस पार्टी ने बचाए रखा। जो इस देश के अंदर एक संविधान की स्थापना हुई, जिसकी रक्षक कांग्रेस और कांग्रेस की सरकार बनी...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Budaniaji.

श्री नरेंद्र बुढानियाः लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ, हमारे अल्पसंख्यक मंत्री यहां नहीं हैं, चले गए हैं, पूछना चाहता हूँ कि आपने दलित के लिए क्या किया? आपने अल्पसंख्यक के लिए क्या किया? आपने महिला सशक्तिकरण की जो बात कही, उसके लिए आपने क्या किया? बातें तो आपने बहुत बड़ी बनाई हैं, लेकिन हमारे यहां दिल्ली में आज महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, आज

[श्री नरेंद्र बुढानिया]

दूसरे देश के पर्यटक हमारे देश में आना नहीं चाहते हैं। यहां पर कोई सुरक्षित नहीं है। दिल्ली में तो आपकी पुलिस है। यदि आपकी पुलिस है, तो कम से कम इस दिल्ली में तो सुरक्षा का कुछ करिए। हम लोग कहीं जाते हैं, तो वहां लोग हमें शर्मिदा करने की कोशिश करते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इन सब बातों के साथ एक निवेदन करना चाहता हूँ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you, Budaniaji.

श्री नरेंद्र बुढानियाः मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि अभी समय है और समय रहते हुए आप चेत जाइए। आप सिर्फ ब्रांडिंग मत करिए, सुधर जाइए और गरीब, किसान, नौजवान, महिला के लिए जो वायदे आपने किए हैं, उन्हें जमीन पर लेकर आइए। मैं यही बात करना चाहता हूँ, बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. NARENDRA JADHAV (Nominated): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for the opportunity to participate in the discussion. At the very outset, I wish to compliment the hon. President for very comprehensive and insightful Address outlining policy priorities of the Government.

Sir, by the end of March, 2017, the Twelfth Five Year Plan will come to an end. This will not only be the end of the Twelfth Five Year Plan but it would be an end of an era of over six decades of planning in India. What is the future of planning process in India? There is a talk about a long-term perspective plan but there is no clarity about the future of planning process in India. I wish the hon. President had elaborated on this critical issue, which has a bearing on the future of the Indian economy and Indian society.

The second issue that I want to raise is an implementation issue. Reportedly, a very large amount of allocation for scholarships for Scheduled Caste and Scheduled Tribe students has not been spent, and the amount is as large as a few thousand crores of rupees. Sir, this is a grave situation which merits immediate and urgent attention.

The third issue that I want to point out is the abolishment of Scheduled Caste sub-Plan and the Tribal sub-Plan. As you are aware, the Scheduled Caste sub-Plan and the Tribal sub-Plan were established in 1979 and 1975 respectively linking the allocation for the empowerment of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in proportion to their shares in the population at the national level as well as at the State level. Regrettably, there is now an abolishment of the Scheduled Caste sub-Plan and the Tribal sub-Plan and they have been replaced by general schemes like 'Allocation for welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes'. Instead, there should be a transparent, accountable, efficient and effective Centrally-sponsored scheme, an umbrella scheme, for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, which will continue to link Scheduled Castes and Scheduled Tribes allocations to their respective shares in population.

Sir, much has been said about demonetization. I have supported demonetization from day one. I am convinced that demonetization entails short-term pain and medium to long-term gains. What has happened, Sir, is that the short-term pain has been exaggerated while the long-term gains have been under-played. Serious objections have been taken, I am not going into all of them but I want to point out two or three of them. One of the very serious objections which have been taken is that money has been taken away from the poor people. Actually, what has happened or what is happening is exactly to the contrary. What is actually happening is the re-distribution of wealth from the tax-evading wealthy and corrupt people to the poor people of our country. This is a Robin Hood kind of a job which the Hon. Prime Minister is doing, for which we need to compliment the Prime Minister rather than criticizing him. ...(*Interruptions*)... I come to the second point. ...(*Interruptions*)... There is an argument made... ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please continue. ...(*Interruptions*)...

DR. NARENDRA JADHAV: The second point that I want to make about demonetization is that there is a lot of talk that the total amount of fake currency in our country is only ₹ 400 crores. It is being said that if the total amount is only ₹ 400 crores and the ratio of fake currency to the total currency is only 0.02 per cent, which is very small, why should we demonetize very large amount of currency, which is more than ₹ 14.5 lakh crore? Sir, this is a very insensitive kind of an argument because what is being done is to make a strike against the counterfeit currency, which has been financing the terrorism in our country.

How many people have died due to terrorism in our country? Sir, from 1993 to 2016, the total number of deaths due to terrorism has been something like 35,000. Now, if somebody makes an argument about the ratio of the terrorism-related deaths of 35,000 to the total Indian population of 125 crore, saying that this ratio is incredibly small, does that mean that the terrorism problem is a small problem? So, what is being done is to make a strike, and a very right kind of decision has been taken to make a strike at the fake currency issue.

The third objection that has been raised is that enough preparation was ...(*Interruptions*)... Sir, who is running this House? Is the Chair running this House or somebody who is sitting there?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): You please continue. ...(*Interruptions*)...

DR. NARENDRA JADHAV: Thank you, Sir.

There is also an argument made that enough preparation was not made for

[Dr. Narendra Jadhav]

demonetization, and particularly the issue of recalibration of ATMs has been raised. Sir, I know a thing or two about this because I worked with the Reserve Bank of India all my life, for thirty-one years, and I was involved in this process. In ATMs, there were three bins — hundred rupees, five hundred rupees and one thousand rupees bin. And they are highly sensitive to the weight and size. Now, if the Government or the Reserve Bank of India had issued instructions to all the commercial banks that you recalibrate all your ATM machines with the new size of hundred, five hundred and two thousand rupee notes, it would have obviously leaked out what was the intention of the Government. So, it means that on one hand the Government had to go on preparations and, at the same time, on the other hand, secrecy had to be maintained. I think the timing of demonetization was perfect, striking the right kind of balance between the adequate preparations to be done on one hand and maintaining the secrecy of this event on the other hand. So, it is fully justified.

The fourth point that I want to make about demonetization is that a lot of people believe that a very large amount of money more than fourteen lakh crores has come back to the public sector banks and private sector banks. Some people see that as a failure of the scheme. It is exactly the opposite. The money which was lying around, the cash hoardings which were kept in the secret places, stored in ceilings, in the floors and places like that, all that money has come back into the formal system. This is an achievement. This is a big step in financial inclusion. Also, the criticism is made that the money coming back to the banking system means that the black money, which was there earlier, has now become white money. Again, to the contrary, because the investigation is on where if the money which has been credited to the accounts, deposited to the bank accounts is disproportionately larger than the known sources of income of the depositors, the investigation is going to reveal that. Why the total amount of black money has not been revealed is because this investigation is going to take some time. Even in the 31st December speech of the hon. Prime Minister, people said that the total figure was not disclosed. Even in case of data like prices data, inflation data, GDP data, there is always a lag between the happening and the release of the data. It will require certain amount of time before the data is clearly available about how much black money has come back into the system. Sir, all in all, a lot of people have predicted that this is going to hurt our economy very badly. In fact, the former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh, on the floor of the House said that the GDP will come down by two percentage points and it will take a long time to recover. You know, all the estimates now show that the actual decline in GDP rate of growth is going to take place only in the third and fourth quarters of the current financial year, and would be less than one percentage point for the financial year as a whole and from the year beginning 1st April, 2017, the

5.00 P.M.

new financial year, not only the growth rate will come back to the earlier levels, but there will also be an acceleration of growth with creation of lot of jobs. So, this is demonetization completely changing the way Indian economy has been functioning, has been operating. It is going to make it more transparent, more accountable, more clean and, therefore, more sustainable growth in future.

Sir, I thank you for your indulgence and also for giving me the opportunity to speak. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Thank you very much. Now, Mr. Biswajit Daimary - not present; Mr. Ramdas Athawale - not present. Mr. Abdul Wahab.

SHRI ABDUL WAHAB (Kerala): Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak. I know that I could get this chance because a lot of Members are absent.

The President's Address came at the right time. It was delivered on 31st January, the day after the martyrdom of Mahatma Gandhiji, who was killed by some criminal. The 30th of January is the anniversary of his martyrdom. On 31st January, my leader, the tallest among the parliamentarians, E. Ahamed *sahib*, died on the floor of the Central Hall of Parliament. It was a very sad day for me. The next day, on *Basant Panchami*, the Government of India presented the Budget.

In the President's Address, everything was very clear. He was narrating what they have given him to narrate. It included all the programmes which were introduced by our hon. Prime Minister Narendra Modiji. Everything was explained. My only regret is that after demonetisation whatever money came back to the exchequer or the RBI is not known till today.

I remember the election of George Bush Junior. In Florida, there was some confusion in counting of votes. The election result was delayed for many days. It seems Americans can't count more than ten. It took them around seventy-eight days to recount the votes and to tell it to the Supreme Court. We are talking about Digital India. Dr. Narendra was talking about RBI. According to me, 16,000 employees are employed by our RBI. It may be a little here or there. In this digital age, our RBI could not give the details of the exact amount which came to it whether it is black money or terror money or this money or whatever money. Till today, this amount is not known to the public. Even we don't know about that. It is still a secret. It will take some time. The data may be coming late. It may take its own time. Even the RBI does not know what is happening. I want to say one more thing about the President's Address.

[Shri Abdul Wahab]

A lot of money is given for agricultural sector. It is good. I appreciate that. But how are they going to disburse this money through NABARD? My concern is about Kerala. The cooperative banks are not functioning because of RBI's rules. My request to them, through you, Sir, is this. Just activate the cooperative banks, so that whatever money is there, it reaches the needy farmers. Maybe the RBI may not be agreeing to this. It may say that whatever it decides is final. Though they know the mistake, they are not ready to accept that. The same thing happened with demonetisation. Hon. Prime Minister may not agree with this. But even his colleagues agree that demonetisation did not happen according to their vision or wish or what they had expected. My simple request is this. Leave the ego, just do the needful, at least, for the farmers.

The third thing, which I want to suggest, is that you change the name of Dr. Ram Manohar Lohia Hospital. You change it, according to your wish. Whichever the Government is, let them change the name of Dr. Ram Manohar Lohia Hospital. Dr. Ram Manohar Lohia was a socialist; he was a very good man. But, please see what is happening in Dr. Ram Manohar Lohia Hospital today. I have requested my kids also not to send me to Dr. Ram Manohar Lohia Hospital if at all something happens to me. ...(*Interruptions*)... I am staying nearby Dr. Ram Manohar Lohia Hospital. I am diabetic and a heart patient. If something happens, they will take me there. I am worried about that. Please send me to some other private hospital or if it is under your control, send me to AIIMS.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Why?

SHRI ABDUL WAHAB: I have seen what happens there. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Why did you mention the name of Dr. RML Hospital?

SHRI ABDUL WAHAB: Do you want me to explain that? ...(*Interruptions*)... On 31st January, after the President's Address, somebody told me that my leader expired and was sent to Dr. RML Hospital. So, I asked what 'my leader' means. He was a Parliamentarian. What is 'my MP'! I went there with Rahulji; Mr. Jyotiraditya Scindia was also there. I was there after that. From 12.15 p.m. to 2.15 in the night, I was there in Dr. RML Hospital seeing what they were doing with Ahamed Saheb. I am very sorry to say that. Doctors are supposed to work according to medical ethics. It is supposed to be 20 to 30 minutes of CPR with hands or machine. They are supposed to do that. But, it was happening for one hour to oneand-a-half hours. After somebody came, things changed. I am referring to it as 'body'. But, according to hospital, patient was shifted to another ICU and, then to Trauma ICU. Nobody

could see him; his kids could not see him. His daughter is a doctor. She is a pathologist; she is a professor in a medical university in UAE. His son-in-law is a nephrologist; he is a consultant in Dubai. They could not see the patient. According to me, it was a 'body'. Soniaji came; Rahulji came; Mr. Ghulam Nabi Azad, Mr. Ahmed Patel and a lot of people came. We were there. Mr. E.T. Mohammed Basheer, a lot of other people and Kerala MPs came. But, we could not see him. They did not allow us. Bouncers were there. Then, at last, we went to police station. We lodged a complaint. Police came and told them that these people should be allowed to see him. At that point of time, they agreed. We could only see Ahamed Saheb without any equipment on his body and he was dead. So, this is what I have seen. So, I don't want to go there. I am sincerely saying that please do not send me to Dr. RML Hospital and also, do not send any of our Members, including MPs from the Government side, to Dr. RML Hospital. That is why, I was explaining that. I don't want to talk about it more because it is about my leader. I cannot speak more. So, I am not going into that. I don't want to reopen that case. ...(*Interruptions*)... I don't want to reopen that because it is very emotional to me.

SHRI BHUBANESWAR KALITA (Assam): Sir, please direct the Minister to note it down. ...(*Interruptions*)...

SHRI ABDUL WAHAB: Sir, an earthquake was felt yesterday. I don't know whether you remember or not. I was near Dr. RML Hospital. My flat is nearby. It is Swarna Jayanti Deluxe. I am staying very close to Dr. RML Hospital. There were tremors. I thought they were from God to do something with Dr. RML Hospital, but it was not. I was standing there and looking at Dr. RML Hospital. I did not go out. My friend, Mr. Suresh Gopi, and all others went outside the flat. They were waiting there and I was standing there only. After 30 minutes, earthquake had gone. So, I thought yesterday that I may have to go to Dr. RML Hospital again.

Anyway, then, I come to the other things in the President's Address. My request is, whatever our President has said...

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI): One minute, please. ...(*Interruptions*)... He is yielding. ...(*Interruptions*)...

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): It is a very emotional issue. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TIRUCHI SIVA): Please, he is the Minister of Parliamentary Affairs. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः सर, इससे बहुत confusion create होगा, इसलिए वहाब साहब ने जो बात कही है... ई. अहमद साहब का इंतकाल हुआ है, उनके प्रति जितना दुख वहाब साहब को है, उससे ज्यादा दुख हम सबको है, क्योंकि वे एक पार्टी के लीडर ही नहीं थे, बल्कि वे एक बहुत अच्छे पार्लियामेंटेरियन थे और बहुत अच्छे नेता थे। डा. राम मनोहर लोहिया के बारे में सब लोग जानते हैं, वे इस देश के एक बहुत बड़े लीडर रहे हैं और देश के लिए उनके योगदान को कोई नकार नहीं सकता है। ...(**व्यवधान**)... इसलिए उनके नाम को बदल दिया जाए, यह मैं उचित नहीं समझता हूँ।

